


सुविचार : दुनिया का सबसे सुंदर और प्रभावशाली शब्द है माँ... एमजेएफ लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

मदर्स डे (10 मई) की हार्दिक शुभकामनाएं...

वर्ष 17, अंक-05 | कोरबा, शुक्रवार दिनांक 08 से 14 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य रू. 3.00/-


# दुश्मन की नींद उड़ाने आया तारा!

## भारत ने बना डाली पहली स्वदेशी 'ग्लाइड बम किट', अब रचा जाएगा इतिहास

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय वायु सेना (IAF) ने गुरुवार को ओडिशा के तट पर टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (TARA) हथियार का पहला सफल उड़ान परीक्षण (Maiden Flight-trial) किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को इस ऐतिहासिक परीक्षण की जानकारी साझा की।

**ताराः साधारण बम अब बनेंगे सटीक गाइडेड हथियार**

तारा एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है।



यह भारत की पहली ऐसी स्वदेशी प्रणाली है जो सामान्य (unguided) वारहेड्स को सटीक-निर्देशित हथियारों (Precision-Guided Weapons) में बदलने की क्षमता रखती है।

**नेतृत्व की सराहना**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए DRDO, वायु सेना और उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने इसे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास बताया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और DRDO के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने भी इस उपलब्धि से जुड़ी पूरी टीम की सराहना की।

### मुख्य विशेषताएं

इसे हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) और अन्य DRDO प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित किया गया है। यह कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ाकर जमीन पर स्थित लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। यह अत्याधुनिक और किफायती प्रणालियों का उपयोग करने वाला पहला ग्लाइड हथियार (Glide Weapon) है। इस किट का विकास 'डेवलपमेंट कम प्रोडक्शन पार्टनर्स' (DcPP) और अन्य भारतीय उद्योगों के सहयोग से किया गया है, जिन्होंने इसका उत्पादन भी शुरू कर दिया है।



## महाभारत की द्रौपदी बनेंगी डिप्टी सीएम

**कोलकाता, एजेंसी।**

हाल ही में हुए बंगाल इलेक्शन पर हर किसी की नजर थी। इन चुनावों में बीजेपी को 293 में से 207 सीटें मिली। बंगाल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब बीजेपी की सरकार बनेगी। इसी के साथ एक नाम बहुत उछल के आ रहा है वो है रूपा गांगुली। रिपोर्ट्स के अनुसार रूपा गांगुली बंगाल की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। अब आपके मन में भी ये सवाल जरूर होगा की रूपा गांगुली कौन है? आपको बता दें कि महाभारत में द्रौपदी का किरदार निभाने वाली महिला ही रूपा गांगुली है। महाभारत के बाद से टीवी इंडस्ट्री में रुपाली की एक अलग पहचान बन गई, इसके बाद इन्होंने बीजेपी ज्वाइन कर ली। अब चर्चा यह है कि वो डिप्टी सीएम बन सकती हैं।

## सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट की आशंका

**मंबई, एजेंसी।** मध्य पूर्व में जारी तनाव और वैश्विक आर्थिक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। निवेशकों की नजर अब अमेरिका-ईरान संबंधों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति और डॉलर की चाल पर टिकी हुई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, यदि वैश्विक तनाव कम होता है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है, तो आने वाले महीनों में सोने की कीमतों में करीब 20 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है।

## शुभेंदु अधिकारी होंगे बंगाल के नए सीएम

### दो डिप्टी सीएम होंगे रूपा गांगुली का नाम लगभग तय

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल को अपना नया सीएम मिल गया है। भाजपा की बैठक शुभेंदु अधिकारी के नाम पर फाइनल मुहर लग गई। यानि की शुभेंदु बंगाल के नए सीएम होंगे। 09 मई को सुबह 11 बजे शुभेंदु इस पद के लिए शपथ ग्रहण के लिए ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पहुंचेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि अमित शाह और मोहन चरण माझी की मौजूदगी में हुई इस बैठक में उनके नाम पर मुहर लग गई है।

**ये नेता भी होंगे शामिल**

नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह सहित कई राज्यों के बड़े नेता पहुंचेंगे। 09 मई का दिन काफी खास रहने वाला है क्योंकि इस दिन रवींद्र जयंती मनाई जाती है।

**दो डिप्टी सीएम भी चुने जा सकते हैं**

इसी के साथ ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि शपथ ग्रहण में दो नए डिप्टी सीएम की घोषणा भी की जा सकती है। फिलहाल इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

महाभारत में द्रौपदी का रोल निभाने वाली रूपा गांगुली डिप्टी सीएम बन सकती हैं। रूपा हावड़ा नार्थ से पहली बार रिकार्ड मतों से विधायक बनी हैं।



## एक्टर विजय तमिलनाडु के सीएम होंगे

### राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा

**चेन्नई, एजेंसी।**



तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस खत्म हो गया है। TVK चीफ और एक्टर विजय मुख्यमंत्री बनेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय को सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। विजय 09 मई को सीएम पद की शपथ ले सकते हैं।

विजय ने शुक्रवार को लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को TVK, कांग्रेस, CPI, CPI(M) और VCK के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में TVK ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं। इनमें दो सीटों पर विजय जीते हैं। कांग्रेस के 5 और CPI, CPI(M), VCK के 2-2 विधायकों के समर्थन से TVK ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है।

इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

**TVK समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया**

TVK को बहुमत नहीं मिलने के केस में DMK और AIADMK में गठबंधन के बाद सरकार गठन की अटकलें हैं। TVK ने कहा कि अगर दोनों पार्टियों ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, तो उसके सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे।


## अमेरिका-ईरान के हमले में गुजरात का जहाज डूबा एक भारतीय की मौत, 17 क्रू मेंबर्स को बचाया

**दुबई/द्वारका, एजेंसी।**

ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हॉर्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। यह जहाज गुजरात के द्वारका जिले के सलाया का था। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, जबकि बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया।

इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आदम भाई ने इसकी जानकारी दी। आदम भाई ने दुबई स्थित भारतीय दूतावास को ईमेल भेजकर मदद भी मांगी है। मालवाहक जहाज MSV AL फैज नूरे सुलेमानी-I दुबई से कार्गो लेकर यमन के मुकाला बंदरगाह जा रहा था। जहाज पर एक गनमैन समेत कुल 18 क्रू सवार थे।

**सेक्रेटरी आदम बोले- फायरिंग के बाद**



**जहाज में पानी भरा**

आदम भाई के मुताबिक 7 मई की सुबह करीब एक बजे जहाज हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था। इसी दौरान ईरान और अमेरिकी नेवी के बीच आमने-सामने फायरिंग शुरू हो गई। क्रॉस फायरिंग में गुजरात का यह जहाज भी चपेट में आ गया। फायरिंग से जहाज को भारी नुकसान पहुंचा और उसमें पानी भरने लगा। इससे जहाज डूबने लगा। इसी दौरान इंजन रूम में मौजूद अल्ताफ तालब केर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी को अमेरिकी कोर्ट ने अवैध बताया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगाए गए 10% ग्लोबल टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को 2-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि यह टैरिफ 1974 के व्यापार कानून के तहत सही नहीं थे। प्रशासन के पास कांग्रेस की अनुमति के बिना इतने बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाने का अधिकार नहीं है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने अपने फैसले में कहा कि इसी साल की शुरुआत में लगाए गए ये टैरिफ कानून अमान्य हैं। ट्रम्प ने फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए इन ग्लोबल टैरिफ को लागू करने की घोषणा की थी। 10% टैरिफ लगाने का फैसला रद्द कर दिया है।




# कलेक्टर-एसपी ने किया कटघोरा-चोटिया एनएच-130 में ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण

## मोड़ पर रंबल स्ट्रिप, अंधेरे क्षेत्रों में सोलर स्टड, रेडियम और रिफ्लेक्टर लगाने के दिए निर्देश



**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने शुक्रवार को कटघोरा-चोटिया नेशनल हाइवेज-130 पर संभावित ब्लैक स्पॉट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम बंजारी, मड़ई मोड़, लमना से लेकर चोटिया तक सड़क मार्ग की स्थितियों का आकलन करते हुए विशेषकर मोड़ों और अंधे मोड़ों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

उन्होंने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मोड़ से 25 से 50 मीटर पहले रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मड़ई मोड़, चोटिया मार्ग के घाट एवं अंधे मोड़ों पर रोड सेफ्टी उपायों की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा को पुलिस, नेशनल हाईवे, परिवहन विभाग और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम बनाकर रात्रि में निरीक्षण करने और संभावित दुर्घटना-जन्य स्थलों को चिन्हित करने को कहा।

उन्होंने अंधेरे वाले मोड़ों पर सोलर स्टड और कैट आई लगाने, घाट एवं मोड़ क्षेत्रों में रोड स्टड, रिफ्लेक्टर और रेडियम लगाने तथा ग्रामीण सड़कों के मुख्य मार्ग से मिलने वाले स्थानों पर उचित स्पीड ब्रेकर स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों की गति नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए मोड़ों पर रंबल स्ट्रिप अनिवार्य रूप से लगाए जाएँ।

निरीक्षण के दौरान कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना, पोड़ी-उपरोड़ा एसडीएम मनोज कुमार, तहसीलदार श्रीमती सुमन मानिकपुरी, थाना प्रभारी, परिवहन विभाग के अधिकारी तथा नेशनल हाईवे प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगार उन्मुख अवसर

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिले के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा तथा भविष्य में बेहतर रोजगार संभावनाएँ विकसित होंगी।

योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को लगभग 9000 रूपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। 6 से 9 माह की अवधि तक मिलने वाला यह कार्य अनुभव युवाओं के कौशल, आत्मविश्वास और व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करेगा।

युवाओं को योजना से जोड़ने हेतु माय भारत प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। जिले के इच्छुक युवा पहले mybharat.gov.in माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें स्वत: प्रधानमंत्री इंटर्नशिप वेबसाइट से जोड़ दिया जाएगा। इससे आवेदन प्रक्रिया सहज, सरल और सुगम हो सकेगी, तथा अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की कार्यप्रणाली से जोड़ना और उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। यह योजना विशेष रूप से उन छात्रों और युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है जो पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर अपने करियर को दिशा देना चाहते हैं।

जिले के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की जाती है कि वे समय पर पंजीयन कर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएँ। अधिक जानकारी हेतु माय भारत प्लेटफॉर्म तथा संबंधित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक 11 मई को

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) कोरबा की शासी परिषद की बैठक 11 मई 2026 को दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, कोरबा में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा द्वारा की जाएगी।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत डीएमएफ से संचालित विकास एवं जनकल्याण कार्यों सहित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद के सदस्यों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## ग्राम पहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर:169 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

सुशासन तिहार के तहत विकासखंड कोरबा अंतर्गत कलस्टर ग्राम पंचायत पहन्दा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता कलमेश अनंत, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती राठिया, जनपद सदस्य अनिल खुंटे, किशन कोसले एवं विजय पटेल, विधायक प्रतिनिधि आशीष गंगोली और दशरथ सिंह खड़िया, तथा मंडल संयोजक किशन साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत पहन्दा की सरपंच श्रीमती संगीता सिंह कंवर ने की। इनके अतिरिक्त पताढ़ी, उरगा, खोड्डल, मसान, तिलकेजा, कुकरीचोली, बरीडीह, देवरमाल और कटबितला के सरपंच भी उपस्थित रहे।





शिविर में विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया गया। एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट आजीविका कार्य के लिए तीन 'लखपति दीदी' श्रीमती अंजनी कंवर (बरीडीह), श्रीमती बबीता (पहन्दा) और श्रीमती रेशम रात्रे (तिलकेजा) को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पंचायत विभाग द्वारा 11 सदस्यों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। कृषि विभाग की शाकम्भरी योजना के अंतर्गत दो हितग्राहियों को सिंचाई पंप दिए गए। राजस्व विभाग द्वारा एक जाति प्रमाण पत्र एवं छह डिजिटल किसान किताबें प्रदान की गईं। पंचायत विभाग ने 23 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आवास की चाबी और प्रशस्ति पत्र दिए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत 43 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर में कुल 497 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 169 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। क्लस्टर के ग्राम पंचायतों में उरगा, पहन्दा, पताढ़ी, खोड्डल, मासन, तिलकेजा, कुकरीचोली, बरीडीह, देवरमाल, कटबितला, सेमीपाली, कुदुरमाल और अखरापाली शामिल हैं।

मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए सभी विभागों को मिलकर सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है।

शिविर में विशेष रूप से अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सरोज महिलांगे, जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर, किशन साव, जनपद सदस्यगण एवं क्लस्टर के सभी सरपंच उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार:सिंचाई संकट से मिली राहत, किसान शिव कंवर को मिला पेट्रोल चालित पंप

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार 2026 प्रदेशवासियों के लिए विश्वास, संवेदनशीलता और जनसेवा का नया प्रतीक बनकर उभरा है। गांवों की चैपालों से लेकर जनसमस्या निवारण शिविरों तक शासन और जनता के बीच संवाद का ऐसा सशक्त सेतु तैयार हुआ है, जहां लोगों की समस्याएं सिर्फ सुनी नहीं जा रहीं, बल्कि संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उनका समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर सुशासन की अवधारणा को वास्तविक धरातल पर साकार कर रही है।



कोरबा जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में आम नागरिकों के साथ किसानों में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शासन की संवेदनशील पहल से किसानों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम नवापारा निवासी कृषक शिव कंवर, पिता बाबू सिंह कंवर को भी सुशासन तिहार के माध्यम से बड़ी राहत मिली है। वर्षों से खेती-किसानी से जुड़े श्री कंवर लगभग तीन से चार एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार है, लेकिन सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण उन्हें हर वर्ष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। खेतों तक समय पर पानी नहीं पहुंच पाने से फसल उत्पादन प्रभावित होता था और अतिरिक्त आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ती थी। उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण किया गया तथा उन्हें पेट्रोल चालित पंप प्रदान किया गया। पंप मिलने से अब उन्हें सिंचाई में सुविधा होगी और खेती का कार्य अधिक सुचारु रूप से हो सकेगा। इससे फसल उत्पादन बढ़ने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

श्री कंवर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सुशासन तिहार वास्तव में आम लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि अब खेतों में पानी की समस्या दूर होगी और खेती बेहतर तरीके से कर सकेंगे। उन्होंने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### समस्याओं के त्वरित निराकरण से बढ़ता है लोगों का विश्वास

## बसीबार में जनसमस्या निवारण शिविर, 142 आवेदनों का निराकरण किया गया

**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत निरंतर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बसीबार में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया।



**शिविर में लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ-विधायक प्रेमचंद पटेल**



शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद्र पटेल उपस्थित रहे। जनपद पंचायत पाली की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत, जिला पंचायत सदस्यगण और जनपद पंचायत सदस्य-श्रीमती माया रूपेश कंवर, मनोज कुमार, विजय प्रभात और श्रीमती मनीषा कंवर बसीबार की सरपंच श्रीमती कंचन बाई कंवर एवं तिवरता, सिरकीखुर्द, लिटियाखार, केराकछार, रतिजा, चैनपुर, उडता, पुटा, रैनपुरखुर्द और नोनबिर्रा ग्रामों के सरपंच भी उपस्थित रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। कृषि विभाग की शाकंभरी योजना के अंतर्गत ईश्वरी बाई, विनोद कुमार को सिंचाई पंप प्रदान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पाँच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक हितग्राही नूतन कुमार को व्हीलचेयर, तीन हितग्राहियों को श्रवण यंत्र तथा पाँच हितग्राहियों को छड़ी प्रदान की।

शिविर में कुल 526 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 142 आवेदनों का निराकरण स्थल पर ही किया गया। बसीबार क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सभी 11 ग्राम पंचायतों-बसीबार, तिवरता, सिरकीखुर्द, लिटियाखार, केराकछार, रतिजा, चैनपुर, उडता, पुटा, रैनपुरखुर्द और नोनबिर्रा के ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया।

मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा-जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी सीधे आमजनों तक पहुँचती है, जिससे लाभार्थियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष और सरल लाभ मिलता है। साथ ही समस्याओं के त्वरित निराकरण से लोगों का विश्वास बढ़ता है और शासन-प्रशासन की पहुँच आमजन तक मजबूत होती है।

शिविर के आयोजन में एसडीएम पाली रोहित सिंह, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहनीष देवांगन तथा तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




## तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो लोगों पर भालुओं का हमला

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा वनमंडल अंतर्गत करतला रेंज के पीड़िया गांव के समीप जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो ग्रामीणों पर शुक्रवार दोपहर दो भालुओं ने हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से भालुओं को खदेड़ा गया।

घायलों की पहचान पीड़िया निवासी कन्हैयालाल राठिया (45) और किरण (15) के रूप में हुई है। उन्हें ग्रामीणों की सहायता से निजी वाहन द्वारा जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**2 बड़े भालुओं ने किया हमला**

घायल कन्हैयालाल ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ते समय अचानक दो बड़े भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। उनके चिल्लाने पर एक भालू भाग गया, जबकि दूसरे ने पास में तेंदूपत्ता तोड़ रही किरण पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद अन्य ग्रामीणों ने आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर भालू को जंगल की ओर खदेड़ा।

**सरकारी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी**

कन्हैयालाल के अनुसार, तेंदूपत्ता तोड़ने का यह दूसरा दिन था जब यह घटना हुई। घटना के बाद सरकारी एंबुलेंस को सूचित किया गया, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद घायलों को निजी वाहन से कुछ दूर ले जाया गया, फिर सरकारी एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनाक्रम की जानकारी ली और घायलों का हालचाल जाना। वन विभाग द्वारा दोनों घायलों को तत्काल रू. 500 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।







# दिव्य आकाश

सफलता के 16 वर्ष पूर्ण 16th दिव्य आकाश

असतो मा सद्गमय

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

सुविचार

माँ वह शब्द है, जिसमें हमारी पूरी दुनिया समाई हुई है।

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 08 से 14 मई 2026


# 09 एवं 10 मई को कोरबा के जश्न रिसोर्ट में होगा डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन एवं केबिनेट मीटिंग

## द इंटनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डि.3233सी का आयोजन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी का दो दिवसीय 09वां वार्षिक अधिवेशन एवं केबिनेट मीटिंग 09 एवं 10 मई को कोरबा के जश्न रिसोर्ट में होने जा रहा है। इस अधिवेशन में डि.3233 सी के अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ सहित आधा मध्यप्रदेश में संचालित लायंस क्लबों के पदाधिकारियों सहित देश की कई जानीमानी लायनवादी हस्तियां उपस्थित रहेंगी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल के नेतृत्व में यह कांफ्रेंस एवं केबिनेट मीटिंग सम्पन्न होगी।

डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस के दूसरे दिन 10 मई को वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय के लिए चुनाव होगा और इस प्रमुख मुकाबले में लायंस क्लब बिलासपुर सेवा से एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल (जीएलटी-कोआर्डिनेटर) और लायंस क्लब दुर्ग से पीएमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। लायनवादी परंपरा के अनुसार डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में सेवाभाव लिए सभी लायन सदस्य चुनाव में भाग लेंगे और अपने समर्थकों को वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय के लिए वोट करेंगे। एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल ने सभी लायन दिग्गजों से

### 10 मई को वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय का होगा चुनाव:लायन आशीष अग्रवाल-अनिल अग्रवाल के बीच होगा मुकाबला




आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए महीनों पहले से ही दौरा प्रारंभ कर दिया है, वहीं वे एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनके कुशल प्रबंधन से विपक्षी खेमा भी आकर्षित हो जाता है। उनके कुशल एवं आकर्षक व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। विपक्षी खेमा को भी वे अपनी ओर रिझाने में सफल हो सकते हैं।

वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए भी औपचारिक चुनाव होगा, जिसमें पीएमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी सत्र 2026-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनेंगे, वहीं वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय पीएमजेएफ लायन पवन मलिक प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनेंगे। सबसे दिलचस्प वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय का चुनाव होगा और एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल एवं लायन अनिल अग्रवाल का शक्ति प्रदर्शन होगा। जितने वाले प्रत्याशी सत्र 2028-29 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनेंगे।

ला.आशीष अग्रवाल का साक्षात्कार- अंतिम पेज पर

### लायन विजय अग्रवाल ने कांफ्रेंस को सफल बनाने की अपील

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों से कांफ्रेंस को सफल बनाने की अपील की है।




## इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी के लिए 100 प्रतिशत वोट की अपील की लायन अग्रवाल ने

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस 09 एवं 10 मई को कोरबा के जश्न रिसोर्ट परिसर में सम्पन्न होगा, जिसमें इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी का भी चुनाव होगा। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी प्रत्याशी के रूप में कोरबा के लायन दिग्गज पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पूर्व मल्टीपल वाईस चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल की दमदार उपस्थिति होगी। इंटरनेशनल डायरेक्टर प्रत्याशी के रूप में पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने सभी लायन दिग्गजों से 100 प्रतिशत समर्थन की अपील करते हुए कहा है कि सबके सहयोग से लायनवाद को टीमभावना के साथ नई ऊंचाईयां दी जाएगी। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल कोरबा लायनवाद को विश्व शिखर तक पहुंचाया था। उनके नेतृत्व में कई बड़े-बड़े स्वास्थ्य शिविर कोरबा में आयोजित हुआ, तब कई लोगों को आंखों की रौशनी मिली थी, स्वास्थ्य सुविधा का लाभ कोरबा के अंतिम छोरों तक स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से पहुंचाया, उनके नेतृत्व में कोरबा सहित डिस्ट्रिक्ट 3233सी के कई क्लबों में कई ऐतिहासिक स्थायी प्रोजेक्ट को गति मिली, कोरबा सहित डिस्ट्रिक्ट 3233 सी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई ऐतिहासिक कार्य हुए। रचनात्मक कार्यों में वे हमेशा आगे रहने वाले डिस्ट्रिक्ट के सबसे ख्यातिलब्ध लायन सदस्य हैं। लायंस क्लब कोरबा में उनका अध्यक्षीय कार्यकाल स्वर्णीम रहा और अब वे लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के स्थायी प्रोजेक्ट नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के कारण शिक्षा प्रकल्प के कारण अलग पहचान बनाए हुए हैं। रचनात्मक कार्यों में भी उनकी अलग पहचान है।

## कोयला लदा ट्रेलर पलटा:हादसे में भाई-बहन की मौत



**जांजगीर-चांपा ( दिव्य आकाश )।**

जांजगीर-चांपा जिले में एक सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई। ग्राम ठड़गाबहरा और बीरगहनी मोड़ के पास कोयला लदा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान बाइक से घर लौट रहे भाई-बहन ट्रेलर के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान संजय कुर्रे (18) और अंजुलता कुर्रे (25) के रूप में हुई है। दोनों ग्राम बीरगहनी के निवासी थे और किसी काम से बलौदा गए हुए थे। अंजुलता की शादी एक साल पहले ही खैजा निवासी मनीष लहरे से हुई थी।

डीएसपी प्रदीप सोरी के अनुसार, कुसमुंडा खदान से कोयला लेकर आ रहा ट्रेलर ओवरलोड था। मोड़ पर तेज रफ्तार होने के कारण ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और वह पलट गया। हादसे के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। बलौदा थाने में मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## चुनाव की घोषणा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के आम और उप चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दोनों चुनाव एक ही चरण में होंगे। वोटिंग 1 जून 2026 को होगी और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। चुनाव की प्रक्रिया 11 मई से शुरू होगी।




स्व. श्रीमती रूपवंती देवी राजपूत जी

जीवन की तू रोशनी है
अंधेरे में भर दे उजाला
तेरी एक थपकी के लिए आज तरस गया
तेरी गोद में मिला जो सुकून
ना किसी स्वर्ग में है वो सुकून
दुनिया की हर दौलत छोटी है
माँ तू है तो हर दौलत ओछी है।
आज भी याद कर लेता हूं तुझे
तो हर संकट टल जाता है।
एक तू है, जो कहीं भी रहकर
उड़ेलती सारा प्यार है...।
माँ को शत् शत् नमन...

माँ



चन्द्रमा सिंह राजपूत

रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर, वरिष्ठ भाजपा नेता कोरबा

वरिष्ठ सदस्य - पूर्वांचल विकास समिति, वरिष्ठ सदस्य - राजपूत क्षत्रीय समाज

वरिष्ठ समाज सेवी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.), 99261-98100


## एसईसीएल गेवरा के पूर्व जीएम की सड़क हादसे में मौत



**कोरबा/गेवरा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा एसईसीएल गेवरा एरिया के पूर्व महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी का गुरुवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वे हाल ही में निर्देशक तकनीकी (DT) पद पर पदोन्नत हुए थे और सिंगरौली में अपनी नई पदस्थापना जॉइन करने के लिए गेवरा से रवाना हुए थे। जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार त्यागी रात करीब 12 बजे अपनी इनोवा कार से गेवरा से निकले थे। कोरबा-चोटिया मार्ग पर चोटिया के पास उनकी कार की एक पार्सल वाहन से टक्कर हो गई। इस हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही SECL के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें कुशल प्रशासक और सौम्य व्यक्तित्व का अधिकारी बताते हुए श्रद्धांजलि दी। SECL के CMD समेत अन्य अधिकारियों ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। त्यागी लंबे समय तक गेवरा क्षेत्र में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे थे।



**PMJF लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल**

पूर्व मल्टिपल वाईस चेयरमेन, एमडि-3233

पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर - डि. 3233 सी

चेयरमेन- एनके मेमोरियल एलपीएस खरहरकुड़ा

मो.: 98266-70261

## व्यक्तित्व

# सेवा ईश्वर के चरणों में समर्पित वह पुष्प है, जिससे हमारी चेतना जागृत होती है और मन प्रसन्न होता है

- लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल

**प्रत्याशी - लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी**

डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस : 09 एवं 10 मई 2026, स्थान : जश्न रिसोर्ट कोरबा

**परोपकारार्थमिदं शरीरम् ।।**

## लायन अग्रवाल के वे कार्य, जो उन्हें लायन बनाते हैं और जिनसे उनकी पहचान एक समाज सेवक के रूप में हुई

कोरबा (दिव्य आकाश)।

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एमडि 3233 के पूर्व वाईस मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन, नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के चेयरमेन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रदेश उप महामंत्री तथा कोरबा के ख्यातिलब्ध समाज सेवी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लॉयन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने अपने सेवा कार्यों के माध्यम से सिर्फ लायंस क्लब्स इंटरनेशनल में ही अपने पहचान नहीं बनाई, बल्कि वे कोरबा में भी समाज सेवा के क्षेत्र में एक नाम हैं।

लायन अग्रवाल कहा करते हैं कि परोपकार और सेवा ईश्वर को अर्पित किए गए वे फूल हैं, जिससे ईश्वर प्रसन्न होते हैं और स्वयं का चित्त प्रफूल्लित। सेवा हमेशा निःस्वार्थ होनी चाहिए और बिना किसी स्वार्थ या प्रशंसा की इच्छा के। उनका कहना है कि सामर्थ्यवान प्रत्येक व्यक्ति यदि मानव कल्याण के लिए थोड़ी-थोड़ी भूमिका निभाएं, तो भारत की दशा और दिशा दोनों बदल जाएंगे और विकसित भारत के लक्ष्य को पाया जा सकता है। विकसित और खुशहाल भारत बनाना सिर्फ सरकार का काम नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका होनी चाहिए और यह भूमिका व्यक्ति स्वयं तय करे।

लॉयन अग्रवाल ने कई पीड़ित व्यक्ति की सेवा अर्थ के माध्यम से की, इसके अलावा उन्होंने स्वस्थ कोरबा, स्वच्छ कोरबा, हरित कोरबा की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए लायंस क्लब के माध्यम से कई ऐसे रचनात्मक कार्यों को धरती पर उतारा, जो असंभव सा लग रहे थे। उनके रचनात्मक कार्यों से लायंस क्लब कोरबा ने विश्व शिखर पर अपनी पहचान बनाई और कोरबा जैसे प्रदूषित शहर को लायंस उद्यान की सौगात। आज वे लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा को विस्तार दे रहे हैं।

शिक्षा व्यक्ति के लिए आज पारस के पत्थर से कम नहीं। शिक्षा ही मनुष्य को आगे बढ़ने के लिए सबसे बड़ा साधन है और इस साधन को सरल और सुलभ बनाने के लिए ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का वह विशाल मंदिर का निर्माण किया, जो आज नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) के नाम से क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जाना जा रहा है।

इसी कड़ी में उन्होंने विद्यालय के 10 साल पूर्ण होने पर 19 अप्रैल 2026 को स्थापना दिवस का दिव्य समारोह विद्यालय परिसर में रखा, जहां समारोह में प्रख्यात अभिनेत्री मंदाकिनी के मुख्य आतिथ्य एवं कई गणमान्य नागरिकों, लायन दिग्गजों की गौरवमयी उपस्थिति में एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का लोकार्पण किया, जो कोरबा के लिए एक ऐतिहासिक और मानव कल्याण का सर्वोत्कृष्ट सेवा प्रकल्प है। बाल विकास केन्द्र का लोकार्पण उन तीन मासूम बच्चों के दाखिला के साथ हुआ, जो कोरोना काल के समय प्रकृति ने उनका आसरा छीन लिया। अब ये तीन बच्चे यहां संसाधनों के बीच रहकर अपना भविष्य संवारेंगे। 12वीं तक इस विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे और विद्यालय प्रबंधन इन्हें स्किल्ड भी बनाएगा तथा प्रतिभावान निकलने पर उच्च शिक्षा की भी व्यवस्था करेगा।

### संघर्षों एवं चुनौतियों को बयां करता राजकुमार का जीवन

कोरबा के सुदूर वनांचल क्षेत्र कोरकोमा में पले बढ़े लॉयन राजकुमार अग्रवाल का प्रारंभिक एवं युवा जीवन आर्थिक संघर्षों एवं चुनौतियों से जुझता रहा। राष्ट्रवादी एवं जनसंघ के प्रचारक रहे पिता स्व. श्री छोटेलाल अग्रवाल ने बच्चों को काबिल बनाया और माँ स्व. श्रीमती लक्ष्मी देवी अग्रवाल ने संस्कार एवं नैतिकता का पाठ पढ़ाया, जिससे राजकुमार अग्रवाल के जीवन में सेवा भाव का संचार हुआ और लायंस क्लब ज्वाइन किया। आज लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के माध्यम से कई स्थाई प्रोजेक्ट एवं रचनात्मक कार्यों के माध्यम से कुछ लोगों तक सेवा एवं शिक्षा का प्रकल्प पहुंचा रहे हैं। वे भाईयों के साथ कड़ी मेहनत की और आर्थिक स्वावलंबन को प्राप्त किए और आय का कुछ अंश समाज को समर्पित कर रहे हैं।







तीन मासूम बच्चों के साथ एनकेएम लायंस अनाथालय एवं बाल विकास केन्द्र का संचालन



अग्रसेन गौ सेवा समिति द्वारा संचालित कनबेरी स्थित गौशाला के लिए भूमि दान

- वनांचल क्षेत्रों में गर्म वस्त्र एवं दैनिक जीवन की वस्तुओं का वितरण
- स्वच्छ, सुंदर एवं हरित कोरबा बनाने में भूमिका
- महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण
- मड़वारानी में प्याऊ का संचालन
- वृहद वृक्षारोपण से बंजर जमीन पर आक्सीजोन का निर्माण
- गंभीर बीमारियों से पीड़ित कई लोगों को आर्थिक सहायता
- कोरोना काल में प्रशासन को आर्थिक सहयोग के साथ - साथ क्वारेंटाईन सेंटर ने खाद्य सामाग्री, बच्चों को कापी पेंसिल, ड्राइंग बुक, खिलौना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर सहित अन्य रचनात्मक कार्य
- बरपाली तहसील कार्यालय को वाटर कूलर का उपहार



## नागरिक एवं लायंस सम्मान

- 16 अप्रैल 2023 को सेवा कार्यों में सोध के लिए मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी नई दिल्ली द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि
- 13 नवंबर 2021 को भारत सरकार के शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर, सुप्रिम कोर्ट के न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश एवं अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर का सम्मान - जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड।
- सेवा भावी कार्यों के लिए रेडिएंट टैलेन्ट बुक ऑफर रिकार्ड ने समाज सेवा शिरोमणी पुरूस्कार से सम्मानित किया
- जी न्यूज एमपी/सीजी द्वारा इमर्जिंग राईज अवार्ड एवं दैनिक भास्कर द्वारा इमर्जिंग स्टॉर अवार्ड से सम्मानित।
- लायंस परम विभूषण सेवा रत्न से सम्मानित
- समाज सेवा शिरोमणी पुरूस्कार से सम्मानित
- लायंस इंटरनेशनल द्वारा कई सम्मान प्राप्त।





राजनीति

## बंगाल को सुशासन का इंतजार

15 साल के बाद ममता शासन का अंत हो गया और संभवत: यह ममता शासन की पूर्ण विदाई है। 15 साल पहले बंगाल की शेरनी कहे जाने वाली ममता बैनर्जी ने 25 साल के लेफ्ट शासन को नेस्तनाबूत कर टीएमसी का शासन स्थापित किया था, तब ममता को अटल जी का सानिध्य प्राप्त था। 10 साल पहले मोदी-शाह की जोड़ी ने बंगाल में भगवा फहराने के लिए प्रयास प्रारंभ किया और 05 साल पहले मोदी-शाह ने ममता को घेरने का प्रयास किया। 2021 में यहां भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली, लेकिन पूर्ण रूप से शासन नहीं मिल पाया, लेकिन 2026 में टीएमसी का शासन भगवा के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। ममता को यकीन ही नहीं हो रहा था कि टीएमसी की विदाई हो चुकी है और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा से इंकार कर दिया, उसे लगा कि मैं ही मुख्यमंत्री हूं। वे चुनाव आयोग, केन्द्रीय बल और भाजपा को कोसने लगी और अभी भी हार मानने को तैयार नहीं हुई। वह यह नहीं जानती कि जनता ने उन्हें नकार दिया। महिला मुख्यमंत्री के शासन में महिला अत्याचार की इंतहां हो गई थी। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से भी भाजपा ने लीड की, यह मोदी के प्रति जनता का विश्वास और शाह की रणनीति का ही परिणाम कहा जाएगा। अब चूंकि बंगाल में सुशासन का सूर्योदय हो चुका है और बंगाल को सुशासन का इंतजार है। अब भाजपा चाहेगी कि सुशासन का अंत न हो और इसके लिए महिला सुरक्षा के साथ-साथ बंगाल के विकास की तस्वीर और साफ हो तथा राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और राज्य विकास का माडल तैयार हो। तमिलनाडू में भी टीवीके के लिए बड़ी चुनौती है। -संपादक

# 'सेवा सेतु': छत्तीसगढ़ में सुशासन और डिजिटल प्रशासन का नया अध्याय



छत्तीसगढ़ में शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में 'सेवा सेतु' एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल,त्वरित और डिजिटल माध्यम से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी सोच का परिणाम है कि अब आय,जाति, निवास प्रमाण-पत्र, विवाह पंजीयन, राशन कार्ड, भू-नक़ल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**डिजिटल सुशासन का प्रभावी माध्यम**

पहले नागरिकों को अलग-अलग विभागों की सेवाओं के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। प्रमाण-पत्र बनवाने जैसी मूलभूत सेवाओं में समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बड़ी खपत होती थी। 'सेवा सेतु' ने इस पारंपरिक व्यवस्था को बदलते हुए नागरिकों को 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' उपलब्ध कराया है। अब लोग ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर रहे हैं और निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

राज्य शासन की यह पहल केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रशासनिक संस्कृति में बदलाव का भी संकेत है। यह व्यवस्था नागरिकों को यह भरोसा दिला रही है कि शासन उनकी सुविधा और अधिकारों को प्राथमिकता दे रहा है।

**86 से बढ़कर 441 सेवाएं**

छत्तीसगढ़ में पहले ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं। समय की आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण 'सेवा सेतु' विकसित किया गया,जिसमें अब 441 सेवाएं जोड़ी जा चुकी हैं। इनमें 54 नई सेवाएं शामिल हैं, जबकि विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का भी सफल एकीकरण किया गया है।

30 से अधिक विभाग इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल या कार्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनी हैं।

**समयबद्ध सेवा का भरोसा**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। 'सेवा सेतु' इसी अधिकार को व्यवहारिक रूप से मजबूत कर रहा है। पिछले 28 महीनों के आंकड़े इस व्यवस्था की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। इस अवधि में 75 लाख 70 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 लाख 41 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया गया। इनमें 95 प्रतिशत से अधिक आवेदन तय समय-सीमा में निपटाए गए। यह आंकड़ा प्रशासनिक दक्षता और जवाबदेही का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

**प्रमाण-पत्र सेवाओं की सबसे अधिक मांग**

चिप्स कार्यालय के अनुसार सबसे अधिक आवेदन आय प्रमाण-पत्र के रहे, जिनकी संख्या 32 लाख से अधिक है। इसके अलावा मूल निवास प्रमाण-पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र और भू-नक़ल संबंधी सेवाओं का भी बड़े पैमाने पर उपयोग हुआ है।

यह दर्शाता है कि नागरिकों की दैनिक जरूरतों से जुड़ी सेवाओं को डिजिटल माध्यम में लाना कितना आवश्यक था। अब ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोग भी कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और इंटरनेट आधारित सेवाओं के माध्यम से सुविधाओं का लाभ उठा पा रहे हैं।

व्हाट्सएप तक पहुंची सरकारी सेवाएं तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए अब 'सेवा सेतु' की सेवाओं को व्हाट्सएप से भी जोड़ा गया है। इससे लोगों को जानकारी प्राप्त करने और सेवाओं तक पहुंचने में और अधिक सुविधा मिल रही है। अब तक 3.3 करोड़ से अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जा चुके हैं। यह कदम डिजिटल इंडिया की अवधारणा को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

**पारदर्शिता और विश्वास का नया मॉडल**

'सेवा सेतु' केवल एक पोर्टल नहीं, बल्कि नागरिक और शासन के बीच भरोसे का नया सेतु बनता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली के कारण आवेदन प्रक्रिया की निगरानी संभव हुई है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और अनावश्यक विलंब में कमी आई है। राज्य सरकार की यह पहल प्रशासनिक सुधार, तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा का समन्वित उदाहरण है। यदि इसी गति से सेवाओं का विस्तार और गुणवत्ता सुधार जारी रहा, तो 'सेवा सेतु' आने वाले समय में देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक मॉडल बन सकता है।

डिजिटल युग में सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समय पर और सरल तरीके से जनता तक पहुंचाना है। 'सेवा सेतु' इसी सोच को साकार कर रहा है। यह प्लेटफॉर्म छत्तीसगढ़ में प्रशासन को अधिक मानवीय, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। निश्चित रूप से 'सेवा सेतु' आने वाले वर्षों में राज्य की डिजिटल प्रशासनिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जसं।



स्व.श्रीमती लक्ष्मीदेवी अग्रवाल




**माँ शब्द नहीं,**
**जीवन का यथार्थ है।**
**माँ ही सारा संसार है,**
**सपनों को पंख देती।**
**माँ ही जीवन का आधार है।।**
**जब भी मन उदास होता,**
**प्रेम उड़ेल कर सहलाती माँ।**
**माँ फूलों की बगिया है,**
**माँ स्वर्ग का एहसास है।**
**जिनके पैरों में स्वर्ग बसता,**
**ऐसी माँ को शत-शत**
**प्रणाम है।।**

**पीएमजेएफ लायन**
**डॉ. राजकुमार अग्रवाल**



# यूं ही नहीं हुआ बंगाल में भाजपा का राजतिलक

### मुस्लिम इलाकों में भी चला मोदी का जादू

पश्चिम बंगाल की सत्ता से तृणमूल कांग्रेस (TMC) की विदाई और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'राजतिलक' की कहानी अब साफ होने लगी है। यह जीत कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति बंगाल की जनता का विश्वास, अमित शाह के सूक्ष्म प्रबंधन (Micro Management) और भाजपा के उन 5 ब्रह्मास्त्रों का नतीजा है, जिन्होंने दीदी के सबसे मजबूत गढ़ों को भी ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और अमित शाह की अचूक रणनीति ने उस बंगाल में 'कमल' खिला दिया, जहां मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों में भाजपा को घुसने तक नहीं दिया जाता था। भाजपा ने न केवल 207 सीटें जीतीं, बल्कि टीएमसी के 15 साल पुराने शासन पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी।

**सांस्कृतिक प्रहार :** टीएमसी ने भाजपा को 'बाहरी' और 'मांसाहार विरोधी' बताकर जो नैरेटिव गढ़ा था, भाजपा ने उसे अपनी सांस्कृतिक पहचान के दांव से कुचल दिया।

**महिलाओं का सम्मान :** बंगाल की महिलाओं के बीच जिस तरह से अपराध और हिंसा बढ़ रही थी, उससे महिलाओं ने टीएमसी कार्यकाल को कालिख बताया और भाजपा ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को चुनावी विमर्श का केंद्र बनाया गया।

**घुसपैठ पर वार :** घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के वादे ने स्थानीय मतदाताओं को गोलबंद किया।

**शीर्ष नेतृत्व का प्रबंधन :** पीएम मोदी और अमित शाह ने हर छोटी गतिविधि का खुद बारीकी से प्रबंधन किया।

**कार्यकर्ताओं का अथक प्रयास**

80,000 बूथों पर हर एक मतदाता तक भाजपा कार्यकर्ताओं की सीधी पहुंच।

**मुस्लिम बेल्ट में भाजपा की ऐतिहासिक सेंध**

भाजपा की रणनीति का सबसे 'ठोस सबूत' उन जिलों से मिला, जहां मुस्लिम आबादी 26 से 66 प्रतिशत तक है। उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, मालदा और उत्तर दिनाजपुर की कुल 118 सीटों में से भाजपा ने 56 सीटें जीतीं। वर्ष 2021 में भाजपा के पास यहां केवल 14 सीटें थीं। यह आंकड़ा बताता है कि इस बार 'माइनॉरिटी वोट बैंक' में भी मोदी का विकास मॉडल असर कर गया।

**शाह की वो भविष्यवाणी, जो 100 फीसदी सच साबित हुई**

जब टीएमसी 'खेला होबे' के नारे लगा रही थी,



तब गृह मंत्री अमित शाह ने एक साहसिक भविष्यवाणी की थी। उन्होंने दावा किया था कि पहले चरण की 152 सीटों में से भाजपा 110 से अधिक सीटें जीतेगी। विपक्ष ने इसे मजाक बताया, लेकिन नतीजे आये तो भाजपा ने 117 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया। दूसरे चरण में भी भाजपा ने 90 सीटें जीतकर 2021 के अपने 18 सीटों के आंकड़े को काफी पीछे छोड़ दिया।

**119 में से 74 सीटें छीनीं**

पिछले 15 सालों से टीएमसी के कब्जे वाली 119 सीटों में से भाजपा ने 74 सीटें (62 फीसदी) छीन लीं।

पिछले 10 साल से टीएमसी के पास रहीं 162 सीटों में से भाजपा ने 102 पर जीत दर्ज की।

**10 जिलों में हो गया टीएमसी का सूपड़ा साफ**

पीएम मोदी की भविष्यवाणी सच हुई और कई जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। उत्तर बंगाल के कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और दक्षिण के पूर्व मेदिनीपुर, पुरुलिया और झारग्राम में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया।

**अमित शाह ने 15 दिन तक बंगाल में डाला डेरा**

अमित शाह ने 15 दिनों तक बंगाल में डेरा डालकर जो बिसात बिछायी, उसने भाजपा के वोट प्रतिशत में 7 फीसदी की भारी वृद्धि की। यही वजह है कि आज बंगाल की राजनीति में एक नये युग का सूत्रपात हुआ है।

## ममता की क्या यह पूर्ण विदाई है!

71 साल की ममता बैनर्जी बंगाल की शेरनी हुआ करती थी, अब वह बूढ़ी हो चली, लेकिन उसकी आवाज में वही दम। 15 साल के राज में उन्होंने घुसपैठियों की मदद से सत्ता में बनी रही। एसआईआर भी ममता की विदाई का प्रमुख कारणों में से एक रहा। टीएमसी के हुमायूं कबीर ने अलग पार्टी बनाई, मुस्लिम वोटों पर सेंध लगाई और भाजपा की जीत आसान की। क्या यह बंगाल से ममता की अंतिम विदाई है। एजेंसी



## करोड़ों की फीस छोड़ इन कलाकारों ने राजा शिवाजी में किया काम

रितेश देशमुख की ओर से निर्देशित राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने जबरदस्त कमाई करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इसकी स्टारकास्ट कमाल की थी। जिसमें सलमान खान, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और जेनेलिया डिसूजा जैसे स्टार्स शामिक है. अब रितेश देशमुख ने खुलासा किया है कि कई कलाकार ने मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर आधारित फिल्म करने के लिए एक रुपये भी नहीं लिए।

रितेश देशमुख ने हाल ही में लाइव टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया कि उनकी फिल्म 'राजा शिवाजी' की बड़ी स्टारकास्ट ने बिना पैसे लिए काम करने का फैसला किया। सलमान खान, अभिषेक बच्चन जैसे स्टार्स के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए एक्टर ने कहा कि इस बॉन्ड को शब्दों में ठीक से बयान नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा अनकहा प्यार और सम्मान है, जो एक-दूसरे के लिए नि:स्वार्थ है। अगर कल अभिषेक या सलमान मुझसे पूछें, 'इस फिल्म के बारे में क्या ख्याल है? तो मैं बिना सोचे समझे हां कह दूंगा, क्योंकि अगर उन्होंने मेरे बारे में सोचा है, तो मुझे वहां होना ही है।

अभिनेता ने आगे खुलासा किया कि अभिषेक ने उनसे किरदार तक के बारे में नहीं पूछा। यह वह सब है, जो मैंने 23 वर्षों में कमाया है। मैं उन सभी का बहुत आभारी हूं। रितेश ने बताया कि सभी कलाकार इस कहानी के लिए एक साथ आए और उन्होंने एक पैसा भी नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'सलमान खान, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, फरदीन खान, बोमन ईरानी, जेनेलिया देशमुख और मैंने कोई चार्ज नहीं लिया। एजेंसी।

**मदर्स डे ( 10 मई ) पर विशेष**

# माँ शब्द नहीं जीवन का एहसास है

जीवन में माँ का स्थान कोई नहीं ले सकता। माँ प्रकृति प्रदत्त जीवन की अमूल्य धरोहर है। हम जीवन में कितनो भी सफल हो जाएं, लेकिन माँ की बराबरी नहीं कर सकते। माँ है तो जीवन की सारी खुशियां होती हैं। माँ पूरे ब्रह्माण्ड में सबसे प्रिय और प्यार का अटूट विश्वास है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं, जिसकी कलम माँ की महिमा लिख सके। माँ एहसास है और एहसास सिर्फ अनुभव कर ही प्राप्त किया जा सकता है। सनातन काल से अब तक हुए देवपुरूष एवं कवियों ने माँ की महिमा का गुणगान किया, लेकिन वह संपूर्ण नहीं। माँ पर हम जितनी भी कविता या लेख लिख लें, वह कभी सम्पूर्ण नहीं होता। सम्पूर्ण सिर्फ माँ होती है, न कविता सम्पूर्ण होती है और न ही लेख।



मातृ दिवस पर माँ द्वारा उड़ेले गए दुलार का बखान करने का ही समय नहीं है, संकल्प लेने का भी समय है, कि हम चाहे युवा हो, माँ चाहे बुजूर्ग हो, हर समय उसका ख्याल मन में हो और उसकी हमेशा पूछ परख और ख्याल रखें। माँ ईश्वर तो नहीं, लेकिन ईश्वर से कम भी नहीं। माँ वह रामायण है, जो जीवन के सुख-दुख में हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हर संकट को झेलती है और हमें हर संकट से बचाती है। माँ अभिलेख है और हम इस अभिलेख का एक पन्ना। माँ की जगह कोई नहीं ले सकता। माँ जीवन का स्वर्णीम एहसास है और माँ के कदमों में ही स्वर्ग है। माँ का हमेशा ध्यान रखो। माँ जब तक है, उससे बढ़ कर कोई नहीं। जिन्दगी आती-जाती है, लेकिन माँ सदैव अमर और अखण्ड है। हमारे ऋषि-महर्षियों ने माँ को भगवान से भी ऊपर रखा है, क्योंकि माँ के कारण ही हम ईश्वर को जान पाए और ईश्वर से पहले माँ इस धरती पर आई। माँ के जाने के बाद भी वह हमेशा अपनी संतानों के प्रति चिंतित रहती है और उसका एहसास ही हमें जीवन जीने के लिए प्रेरणा देता है। जब तक माँ इस दुनिया में है, कभी उसकी उपेक्षा मत करना, क्योंकि माँ से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं। माँ हमारे जीवन का आधार है। माँ है तो घर स्वर्ग है और स्वर्ग में जीवन की खुशियां। छोटी-छोटी खुशियों से हमें बड़ा करने वाली माँ को अंतिम समय में भी आप छोटी-छोटी खुशियों से उसके जीवन को आबाद रखें। माँ की ख्वाहिश ज्यादा नहीं होती, उसे सिर्फ बच्चों का प्यार चाहिए, क्योंकि माँ के लिए बच्चे ही उनका संसार होता है और हमें भी एहसास होना चाहिए कि माँ ही हमारा संसार है।

गुरूनंदन प्रसाद राजवाड़े
कनकी/कोरबा



## मदर्स डे को बनाएं यादगार, घर पर ट्राई करें ये 5 स्वादिष्ट वेज ब्रंच

मदर्स डे एक ऐसा खास मौका है जब हम अपनी मां के लिए कुछ प्यार भरा और यादगार करना चाहते हैं। इस दिन की शुरुआत अगर एक स्वादिष्ट और हेल्दी ब्रंच के साथ हो, तो मां का दिन और भी खास बन सकता है। घर पर आसानी से बनने वाले वेज ब्रंच आइडियाज न केवल टेस्टी होते हैं, बल्कि आपकी मेहनत और प्यार भी दिखाते हैं। चाहे हेल्दी ओट्स चीला हो या सिंपल वेज सैंडविच, ये सभी डिशेज कम समय में तैयार हो जाती हैं। इस मदर्स डे, इन आसान रेसिपीज के साथ मां को दें स्वाद और प्यार से भरी एक खूबसूरत सरप्राइज।

**1. वेज ओट्स चीला**

यह एक हेल्दी, हल्का और पौष्टिक नाश्ता है, जो मां की सेहत का भी ध्यान रखता है। इसमें फाइबर भरपूर होता है और यह जल्दी पच जाता है। सबसे पहले ओट्स को मिक्सर में पीसकर बारीक पाउडर बना लें। अब इसमें दही, थोड़ा पानी और नमक मिलाकर बैटर तैयार करें। इसमें बारीक कटी हरी सब्जियां जैसे प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च और धनिया डालें। तवे को हल्का सा गर्म करके उस पर बैटर फैलाएं और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें। इसे हरी चटनी या दही के साथ सर्व करें।

**2. वेज सैंडविच**

यह एक क्विक, टेस्टी और हर उम्र के लोगों का फेवरेट ब्रंच ऑप्शन है, जिसे बनाना भी बेहद आसान है। ब्रेड स्लाइस पर बटर या ग्रीन चटनी लगाएं। अब इसमें खीरा, टमाटर, उबला आलू और चीज़ की स्लाइस रखें। हल्का नमक और चाट मसाला छिड़कें। सैंडविच मेकर या तवे पर इसे क्रिस्पी होने तक ग्रिल करें। इसे केचप या पुदीना चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करें।

**3. फ्रूट योगर्ट बाउल**

यह एक हेल्दी, रिफ्रेशिंग और इंस्टेंट बनने वाला ब्रंच है, जो मां को हल्का और फ्रेश फील कराएगा। एक बाउल में फ्रेश दही लें और उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। अब ऊपर से कटे हुए ताजे फल जैसे सेब, केला, स्ट्रॉबेरी या आम डालें। क्रंच के लिए इसमें बादाम, काजू या ग्रेनोला डाल सकते हैं। इसे ठंडा-ठंडा सर्व करें, यह बहुत टेस्टी लगता है।

**4. आलू-पनीर पराठा**

यह एक भरपेट, स्वादिष्ट और ट्रेडिशनल डिश है, जिसे खाकर मां का दिल खुश हो जाएगा। उबले हुए आलू और पनीर को अच्छी तरह मैश करें। इसमें नमक, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और हरा धनिया मिलाकर स्टफिंग तैयार करें। आटे की लोई बनाकर उसमें यह स्टफिंग भरें और पराठा बेल लें। तवे पर घी या तेल लगाकर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक सेंकें। इसे दही, मक्खन या अचार के साथ गरमागरम परोसें।

**5. सूजी इडली**

यह हल्की, सॉफ्ट और बहुत जल्दी बनने वाली डिश है, जो हेल्दी भी है और टेस्टी भी। सूजी में दही, नमक और थोड़ा पानी मिलाकर स्मूद बैटर तैयार करें। इसे 10-15 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब इसमें ईनो या फ्रूट साल्ट डालकर हल्का सा मिक्स करें। तुरंत इडली स्टैंड में डालकर 10-12 मिनट तक स्टीम करें। इसे नारियल चटनी और सांभर के साथ सर्व करें। एजेंसी।

# पहली बार इंटरव्यू देने जा रहे हैं? इन 5 बॉडी लैंग्वेज टिप्स से बनाएं दमदार इम्प्रेशन

पहली बार इंटरव्यू देने जा रहे उम्मीदवारों के लिए बॉडी लैंग्वेज बेहद अहम भूमिका निभाती है। सही आई कॉन्टैक्ट आत्मविश्वास को दर्शाता है, वहीं सीधा और संतुलित पोस्टर प्रोफेशनल छवि बनाता है। हल्की मुस्कान आपको फ्रेंडली और पॉजिटिव दिखाती है, जबकि हाथों की नियंत्रित मूवमेंट आपकी स्थिरता को दर्शाती है। इंटरव्यू की शुरुआत या अंत में एक संतुलित हैंडशेक भी अच्छा प्रभाव छोड़ता है। ये छोटे-छोटे संकेत इंटरव्यूअर पर गहरा असर डालते हैं और आपकी पर्सनालिटी को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करते हैं, जिससे चयन की संभावना बढ़ जाती है।

**आई कॉन्टैक्ट बनाए रखें**

इंटरव्यू के दौरान इंटरव्यूअर से बात करते समय आई कॉन्टैक्ट बनाए रखना बेहद जरूरी होता है। इससे सामने वाले को आपका आत्मविश्वास, ईमानदारी और बातचीत में रुचि साफ नजर आती है। लगातार नजरें नीचे करना, इधर-उधर देखना या मोबाइल की तरफ ध्यान देना नेगेटिव इम्प्रेशन बना सकता है। हालांकि, लगातार घूरना भी सही नहीं है, इसलिए नेचुरल तरीके से बातचीत करते हुए बैलेंस बनाए रखें। सही आई कॉन्टैक्ट आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स को भी मजबूत दिखाता है।

**सही पोजिशन रखें**

इंटरव्यू में आपके बैठने की पोजिशन बहुत कुछ बयां करती है। हमेशा सीधे बैठें और अपने कंधों को झुकने न दें। झुककर बैठना या बहुत ज्यादा रिलैक्स होकर बैठना आपकी घबराहट, आलस या कम रुचि को दर्शा सकता है। वहीं सीधा और संतुलित पोस्टर आपको प्रोफेशनल, डिसिप्लिन्ड और कॉन्फिडेंट दिखाता है। पैरों को स्थिर रखें और कुर्सी पर आरामदायक लेकिन सलीके से बैठें।



**हल्की मुस्कान रखें**

चेहरे पर हल्की और नेचुरल स्माइल इंटरव्यू के दौरान पॉजिटिव माहौल बनाती है। इससे आप फ्रेंडली, विनम्र और अप्रोचेबल नजर आते हैं। बहुत ज्यादा गंभीर या तनावग्रस्त चेहरा आपको नर्वस दिखा सकता है। हालांकि, हर बात पर हंसना भी सही नहीं है। इसलिए बातचीत के दौरान हल्की मुस्कान और शांत एक्सप्रेशन बनाए रखना बेहतर होता है।

**हाथ की मूवमेंट कंट्रोल में रखें**

बात करते समय हाथों का सीमित और संतुलित इस्तेमाल आपकी बातों को प्रभावी बनाता है। लेकिन बहुत ज्यादा हाथ हिलाना, उंगलियां चटकाना, टेबल पर टैप करना या बार-बार चेहरे को छूना आपकी घबराहट दिखा सकता है। कोशिश करें कि हाथों को आराम से अपनी गोद या टेबल पर रखें और जरूरत पड़ने पर ही gestures करें। इससे आप ज्यादा शांत और कॉन्फिडेंट नजर आएंगे।

**हाथ मिलाएं**

अगर इंटरव्यू की शुरुआत या अंत में हैंडशेक का मौका मिले, तो इसे नजरअंदाज न करें। आपका हैंडशेक न बहुत ढीला होना चाहिए और न ही बहुत ज्यादा स्ट्रॉन्ग। एक संतुलित, छोटा और कॉन्फिडेंट हैंडशेक आपकी प्रोफेशनल पर्सनालिटी को दर्शाता है। साथ ही, हैंडशेक के दौरान हल्की स्माइल और आई कॉन्टैक्ट आपके इम्प्रेशन को और बेहतर बनाते हैं। एजेंसी।

# OpenAI ने लॉन्च किया GPT-5.5 Instant

## ChatGPT हुआ पहले से ज्यादा स्मार्ट

OpenAI ने ChatGPT को और ज्यादा स्मार्ट बनाने के लिए नया AI मॉडल GPT-5.5 Instant लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह मॉडल अब पहले से ज्यादा फास्ट और नेचुरल जवाब देगा।


OpenAI ने अपना नया AI मॉडल GPT-5.5 Instant लॉन्च कर दिया है और इसे ChatGPT यूजर्स के लिए डिफॉल्ट मॉडल भी बना दिया गया है। कंपनी का दावा है कि नया मॉडल पहले के मुकाबले ज्यादा स्मार्ट, फास्ट और सटीक जवाब दे सकता है। GPT-5.5 Instant को बेहतर बातचीत, मजबूत कॉन्टेक्स्ट समझ और कई टॉपिक्स पर बेहतर परफॉर्मेंस देने के लिए डिजाइन किया गया है।

**GPT-5.5 Instant में क्या है खास?**

OpenAI के अनुसार, GPT-5.5 Instant की सबसे बड़ी खासियत इसकी बेहतर एक्यूरेसी है। कंपनी का कहना है कि यह मॉडल मेडिसिन, लॉ और फाइनेंस जैसे सेंसिटिव टॉपिक्स पर GPT-5.3 Instant के मुकाबले 52.5% कम गलत या भ्रमित करने वाले दावे (Hallucinations) करता है। वहीं गलत जवाबों में भी 37% से ज्यादा की कमी देखने को मिली है।

यह नया AI मॉडल रोजमर्रा के कामों को भी पहले से बेहतर तरीके से संभाल सकता है। GPT-5.5 Instant अब इमेज को ज्यादा अच्छे से एनालाइज कर सकता है और STEM (Science, Technology, Engineering, Mathematics) से जुड़े सवालों का स्पष्ट जवाब दे सकता है। इसके अलावा यह जरूरत पड़ने पर खुद तय कर सकता है कि बेहतर जानकारी देने के लिए वेब सर्च का इस्तेमाल कब करना है।

OpenAI ने यह भी कहा है, कि नए मॉडल के जवाब अब पहले से ज्यादा छोटे, स्पष्ट और सीधे होंगे, ताकि यूजर्स को अनावश्यक जानकारी से बचाया जा सके।




**पर्सनलाइजेशन फीचर्स हुए बेहतर**

GPT-5.5 Instant में पर्सनलाइजेशन को भी काफी बेहतर बनाया गया है। यह मॉडल पुराने चैट्स, अपलोड की गई फाइल्स और कनेक्टेड Gmail अकाउंट से मिले कॉन्टेक्स्ट का इस्तेमाल करके ज्यादा पर्सनलाइज्ड जवाब दे सकता है। इससे यूजर्स को बार-बार एक ही जानकारी दोहराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कंपनी ने Memory Sources नाम का नया फीचर भी पेश किया है, जिसकी मदद से यूजर्स यह देख सकेंगे कि किसी जवाब को पर्सनलाइज करने के लिए कौन-सा पुराना डेटा इस्तेमाल किया गया है। साथ ही यूजर्स इस डेटा को आसानी से मैनेज भी कर पाएंगे।

**कब और कहां मिलेगा नया मॉडल?**

OpenAI ने बताया कि GPT-5.5 Instant का रोलआउट 06 मई से शुरू हो गया है और यह सभी ChatGPT यूजर्स के लिए नया डिफॉल्ट मॉडल होगा। API में इसे chat-latest नाम से एक्सेस किया जा सकेगा।

वहीं पेड यूजर्स के लिए GPT-5.3 Instant अगले तीन महीनों तक उपलब्ध रहेगा, जिसके बाद इसे बंद कर दिया जाएगा।

फिलहाल एडवांस पर्सनलाइजेशन फीचर्स Plus और Pro यूजर्स के लिए वेब वर्जन पर रोलआउट किए जा रहे हैं, जबकि मोबाइल सपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। कंपनी आने वाले हफ्तों में इन फीचर्स को फ्री यूजर्स तक भी पहुंचाने की योजना बना रही है। एजेंसी।



**मदर्स डे:** मदर्स डे पर मां को साड़ी गिफ्ट करना एक खास और दिल छू लेने वाला आइडिया है। यह न सिर्फ भारतीय परंपरा का प्रतीक है, बल्कि उनकी खूबसूरती को भी निखारता है। चाहे आपकी मां को ट्रेडिशनल लुक पसंद हो या मॉडर्न स्टाइल, सही साड़ी उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया से बैठकर भारत में सर्जरी

## 10 हजार किमी दूर से मरीज का ऑपरेशन कर भारतीय डॉक्टर ने रचा इतिहास

**पर्थ/इंदौर, एजेंसी।**

भारतीय सर्जन ने ऑस्ट्रेलिया से बैठकर 10,000 किमी दूर भारत में रोबोटिक सर्जरी कर नई उपलब्धि हासिल की है। यह तकनीक भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए बड़ा बदलाव ला सकती है।

मेडिकल टेक्नोलॉजी ने एक और बड़ी छलांग लगाई है। भारत के प्रसिद्ध बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. मोहित भंडारी ने ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से बैठकर भारत के इंदौर में मौजूद मरीज का सफल ऑपरेशन कर नया इतिहास बना दिया। करीब 10,000 किलोमीटर की दूरी पर की गई यह रोबोटिक सर्जरी दिखाती है कि अब इलाज की सीमाएं तेजी से खत्म हो रही हैं और डॉक्टर कहीं से भी मरीज तक पहुंच सकते हैं।

**कैसे हुआ 10,000 किमी दूर से ऑपरेशन?**

यह सर्जरी गैस्ट्रोजेजुनोस्टॉमी प्रक्रिया के तहत की गई, जिसमें पेट को छोटी आंत के एक हिस्से से जोड़ा जाता है।

डॉक्टर ने पर्थ में बैठे-बैठे एक



हाई-टेक कंसोल के जरिए रोबोटिक आर्म्स को कंट्रोल किया, जो इंदौर में मरीज पर काम कर रहे थे।

हर मूवमेंट रियल टाइम में ट्रांसफर हुआ और मशीन ने उसे बेहद सटीक तरीके से दोहराया। इस पूरी प्रक्रिया में देरी इतनी कम थी कि यह इंसानी पलक झपकने जितनी तेज मानी जा रही है।

**कौन सी तकनीक बनी इस चमत्कार की वजह?**

इस ऐतिहासिक सर्जरी में भारत में विकसित SSI Mantra और MantrAsana सिस्टम का इस्तेमाल किया गया।

ये तकनीक SS Innovations International ने डेवलप की है, जो एडवांस रोबोटिक सर्जरी सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इस सिस्टम की खासियत यह है कि यह 0.1 मिलीमीटर तक की



सटीकता के साथ काम कर सकता है, जो इंसानी हाथों से भी ज्यादा प्रिसाइज माना जाता है।

**हेल्थकेयर में क्या बदलेगा इस तकनीक से?**

यह उपलब्धि सिर्फ एक सर्जरी तक सीमित नहीं है, बल्कि हेल्थकेयर के भविष्य की दिशा तय करती है। अब बड़े शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टर दूर-दराज के इलाकों में बैठे मरीजों का इलाज कर सकेंगे, बिना किसी यात्रा के।

इससे खासतौर पर ग्रामीण भारत में रहने वाले मरीजों को बड़ा फायदा मिल सकता है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी रहती है।

**क्या यह तकनीक बनेगी गेम चेंजर?**

टेली-सर्जरी की यह सफलता दिखाती है कि आने वाले समय में अस्पतालों की परिभाषा बदल सकती है।

अगर यह तकनीक बड़े स्तर पर अपनाई जाती है, तो देश के किसी भी कोने में बैठे मरीज को वर्ल्ड-क्लास ट्रीटमेंट मिल सकता है। यह कदम न सिर्फ मेडिकल साइंस के लिए बड़ा बदलाव है, बल्कि लाखों लोगों के लिए नई उम्मीद भी है।



LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं
नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886



।। श्री गणेशम्बिकाभ्याम नमः ।। श्री धनवन्तरयै नमः ।।
आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श केन्द्र
गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो आदि।
सीएसईबी चौक | स्टेडियम रोड | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | मुड़ापार रोड
Anti Aging
Anti Wrinkles
Clear Skin Tone
Fairness
Glowing Youthful Skin
Dark Spots Lightening
Keeping your skin healthy & young
Avocado Cream | total skin care in just 7 days
Dr. Yugesh Sharma
M.D. (N.M.) Regn. 51049/16
पतंजलि | श्री श्री आयुर्वेदा | बैद्यनाथ | Dabur | SNK | ZANDU
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल मेडिकल स्टोर
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

# बालको की सुरक्षा प्रणाली बनी उद्योग के लिए मिसाल

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्तीय वर्ष 2026 में लगातार दूसरे वर्ष शून्य सुरक्षा दुर्घटनाएं और शून्य चोरी की घटनाएं दर्ज करते हुए सुरक्षा प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन उपलब्धियों के पीछे सुरक्षा टीम के समर्पण और प्रतिबद्धता को सम्मानित करने के लिए कंपनी ने 'बड़ा खाना 2026' के तीसरे संस्करण का आयोजन किया।

वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान बालको ने कुल घटनाओं में लगभग 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की और बिना किसी संचालन बाधा के सफल रिकवरी सुनिश्चित की। यह उपलब्धि एक सुदृढ़ सुरक्षा ढांचे के माध्यम से संभव हुई, जिसमें तकनीक-सक्षम निगरानी, डेटा-आधारित विश्लेषण और अनुशासित क्रियान्वयन को संयोजित किया गया। इस दौरान 55 लाख से अधिक बालको एवं व्यावसायिक साझेदार कर्मचारियों की आवाजाही और 1.25 लाख से अधिक वाहन गतिविधियों की निगरानी उन्नत सर्विलांस सिस्टम और जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए की गई। साथ ही 1500 से अधिक 'सुरक्षा मित्रों' से प्राप्त रियल-टाइम इंटेलिजेंस के आधार पर लगभग 37 प्रतिशत संभावित घटनाओं को पहले ही रोका गया, जो सामुदायिक सहभागिता आधारित सतर्कता मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है।




सुरक्षा को एक रणनीतिक सक्षमकर्ता के रूप में स्थापित करते हुए 'बड़ा खाना 2026' में 200 से अधिक बालको कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह पहल सुरक्षा कार्यप्रणाली में जवाबदेही, अनुशासन और सक्रिय जोखिम प्रबंधन को पहचानने और प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें नृत्य और संगीत के साथ-साथ सेंट्रल सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता पर आधारित नाट्य प्रस्तुति शामिल थी। सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न व्यक्तियों और टीमों को घटना रोकथाम, आपातकालीन प्रतिक्रिया और संचालन अनुशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया।

कंपनी ने सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए स्वचालित निगरानी और सख्त अनुपालन तंत्र लागू किए हैं। फायर एवं रेस्क्यू टीमों ने जिला प्रशासन के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित कर आपातकालीन तैयारी को मजबूत किया। इसके साथ ही, 5500 से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा, सीपीआर और आपातकालीन प्रतिक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बालको की सुरक्षा प्रणाली उन्नत तकनीक और समावेशी पहलों के माध्यम से निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और अनुपालन को सशक्त बनाती है। इसमें पूर्णतः महिला संचालित सीएसओसी शामिल है, जिसमें 11 ट्रांसजेंडर कर्मियों की भागीदारी है। साथ ही 1600 से अधिक एआई-आधारित कैमरे, 59 वाहनों की जीपीएस आधारित निगरानी, क्यूआर कोड आधारित पेट्रोलिंग और एक समर्पित त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) कार्यरत है। इस व्यवस्था को 14 प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड, 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल और प्रभावी समन्वय के लिए एकीकृत संचार प्रणालियों का मजबूत सहयोग प्राप्त है, जिससे सुरक्षा तंत्र और अधिक सुदृढ़ और भरोसेमंद बनता है।बालको सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने, तकनीक के उपयोग को विस्तार देने और सुरक्षा संस्कृति को संस्थागत रूप से और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि एक सुरक्षित, सुदृढ़ और भविष्य-तैयार संचालन तंत्र सुनिश्चित किया जा सके।



### जीरो हानि हमारा लक्ष्य - आर.के. सिंह

बालको के सीईओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे लिए 'जीरो हानि' और उत्कृष्टता केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हर निर्णय और कार्य को दिशा देता है। तकनीक के बेहतर उपयोग, मजबूत प्रक्रियाओं और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ हम सुरक्षा और संरक्षा के क्षेत्र में लगातार अच्छे और स्थिर परिणाम हासिल कर रहे हैं। हमारी टीम का समर्पण और अनुशासन इस सफलता की मुख्य ताकत है। आने वाले समय में हम अपने सिस्टम को और उन्नत करेंगे। साथ ही नई तकनीकों को अपनाएंगे और संभावित जोखिमों को पहले से पहचानने की क्षमता बढ़ाएंगे, ताकि कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित और सुदृढ़ बनाया जा सके।

## बालको ने संयंत्र में रासायनिक रिसाव पर मॉक ड्रिल का किया सफल आयोजन



**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने पावर डिवीजन में रासायनिक रिसाव (केमिकल स्पिलेज) की स्थिति से निपटने के लिए सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल आयोजित की। यह अभ्यास 1200 मेगावाट यूनिट-3 एवं 4 के केमिकल प्रोसेस यूनिट (सीपीयू) कास्टिक सोडा टैंक क्षेत्र में किया गया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया प्रणाली की जांच करना था।

कोरबा जिला प्रशासन की उपस्थिति में केंद्र सरकार के निर्देशानुसार आयोजित मॉक ड्रिल में प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं के कई प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें विजय सिंह पोटाई (डिप्टी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी, कोरबा), देवेंद्र पटेल (एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, कोरबा), सरोज महिलांगे (सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट, कोरबा), प्रमोद नायक (जिला खनन अधिकारी), राकेश द्विवेदी (सब डिवीजनल ऑफिसर, पीडब्ल्यूडी), श्रीमती नम्रता वर्मा (असिस्टेंट इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी), नगर निगम फायर टीम तथा जिला अस्पताल की इमरजेंसी मेडिकल टीम शामिल थीं।

कंपनी की ओर से आपातकालीन नेतृत्व में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार (चीफ इंसिडेंट कंट्रोलर), संगीत साहू (साइट इंसिडेंट कंट्रोलर), मयंक श्रीवास्तव (वर्क इंसिडेंट कंट्रोलर), तथा भारतेंदु कमल पांडेय (चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर) के तौर पर उपस्थित थे।

मॉक ड्रिल के दौरान कास्टिक सोडा टैंक के फ्लैंज से रिसाव की आभासी स्थिति बनाई गई। रिसाव का पता चलते ही ऑपरेटर ने तुरंत सेंट्रल कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद फायर, मेडिकल, सिक्योरिटी और रेस्क्यू टीमों को तुरंत अलर्ट किया गया। सभी आपातकालीन टीमें तेजी से मौके पर पहुंचीं और तय सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। सफलतापूर्वक रिसाव को रोकने और स्थिति सामान्य होने के बाद साइट इंसिडेंट कंट्रोलर ने आपातकाल समाप्त घोषित किया और समीक्षा बैठक आयोजित की।





कोरबा के डिप्टी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी विजय सिंह ने बालको की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और विभिन्न टीमों के बेहतर समन्वय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल औद्योगिक और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह मॉक ड्रिल बालको की सुरक्षा, आपातकालीन तैयारी और नियामकीय अनुपालन के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार (अब तात्कालीन) ने कहा कि संयंत्र में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस प्रकार की मॉक ड्रिल हमारी 'सुरक्षा प्रथम' संस्कृति को मजबूत करती हैं और हमें किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार रखती हैं। नियमित अभ्यास, आधुनिक संसाधनों और बेहतर समन्वय के माध्यम से हम अपने कर्मचारियों और आसपास के समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

## बालको ने फायर सर्विस सप्ताह के माध्यम से अग्नि सुरक्षा जागरूकता को दिया बढ़ावा



**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज' थीम के तहत राष्ट्रीय फायर सर्विस सप्ताह का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा जागरूकता, आपातकालीन तैयारी और घटनाओं की रोकथाम को मजबूत करना था। इसमें कर्मचारियों, व्यापारिक साझेदारों, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 1100 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

सप्ताह भर चले इस आयोजन में क्विज, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही, बालको ने सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए, जिनमें लाइव फायर सेफ्टी डेमो और नुक्कड़ नाटक शामिल थे, ताकि विभिन्न हितधारकों के बीच सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण को और मजबूत किया जा सके।

अभियान का समापन विभिन्न विभागों के उन कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित कर किया गया, जिन्होंने प्लांट परिसर में अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजन में कोरबा क्षेत्र की अन्य औद्योगिक इकाइयों जैसे एनटीपीसी लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जो क्षेत्रीय सुरक्षा तैयारियों के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि अग्नि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए निरंतर सतर्कता और तैयारी आवश्यक है। बालको में हम जागरूकता बढ़ाने, क्षमताओं का निर्माण करने और ऐसी प्रणालियाँ विकसित करने पर जोर दे रहे हैं, जो त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें। अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ सतत जुड़ाव के माध्यम से हम एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं।

एनटीपीसी कोरबा के सीआईएसएफ फायर विंग के सहायक कमांडेंट शिवेंद्र कुमार ने कहा कि बालको की फायर सेफ्टी टीम ने बार-बार आपात स्थितियों में उत्कृष्ट दक्षता और संयम का परिचय दिया है। कोरबा की नागरिक प्रशासनिक इकाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्होंने हर जरूरत के समय महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। समुदाय और स्कूलों को प्रशिक्षण देने की उनकी पहल दूरदर्शी नेतृत्व का उदाहरण है, जो सामूहिक सुरक्षा को प्राथमिकता देता है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बालको के फायर विभाग को ग्रो केयर इंडिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 के लिए मेटल एवं पावर डिवीजन में 'फायर एंड सेफ्टी में उत्कृष्टता' हेतु प्लेटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी उच्च स्तरीय अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों का प्रमाण है।

### 400 से अधिक मल्टी-सेंसर एवं उन्नत फायर अलार्म सिस्टम से सुरक्षा ढांचा मजबूत

बालको की फायर और सेफ्टी टीम जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रशिक्षण और त्वरित प्रतिक्रिया पर केंद्रित है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान टीम ने 200 से अधिक आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया दी। तेज और प्रभावी आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए क्विक रिस्पॉन्स वाहन की खरीदारी। 5500 से अधिक लोगों को फायर एक्सटिंग्विशर उपयोग, सीपीआर और आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही प्लांट और आसपास के क्षेत्रों में 100 से अधिक मॉक ड्रिल्स आयोजित कीं। बालको अस्पताल में स्प्रिंकलर सिस्टम स्थापित किया तथा 400 से अधिक मल्टी-सेंसर और उन्नत फायर अलार्म सिस्टम लगाकर सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया।

## बालको ने समुदाय में मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया




**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों, खासकर जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और मलेरिया की रोकथाम पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर यह अभियान इस वर्ष की थीम 'मलेरिया का खात्मा संभव है: अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' के तहत चलाया गया। इसका उद्देश्य मलेरिया की शीघ्र पहचान, सही जानकारी प्रदान करना, लोगों की आदतों में सकारात्मक बदलाव लाना और गांवों तक सीधे स्वास्थ्य सहायता पहुंचाना था।

प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में 1.4 लाख से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई हैं। घर-घर जाकर जागरूकता अभियान, सामुदायिक बैठकों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को मलेरिया के शुरुआती लक्षण जैसे बुखार, ठंड लगना और अत्यधिक पसीना आने के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो सके। साथ ही मलेरिया से जुड़ी भ्रांतियों और गलत




धारणाओं को भी दूर किया जा रहा है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सशक्त और स्वस्थ समुदाय ही देश के विकास की नींव हैं। प्रोजेक्ट आरोग्य के माध्यम से हम स्थानीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं। हमारा ध्यान बीमारी की रोकथाम, समय पर उपचार और लोगों की भागीदारी पर है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता के जरिए हम एक मजबूत और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

इस अभियान के तहत मच्छरदानी के नियमित उपयोग और आसपास पानी जमा न होने देने जैसे बचाव उपायों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर खास ध्यान केंद्रित किया गया। उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सामग्री, पोषण सहायता तथा मुफ्त जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

बालको ने मोबाइल हेल्थ वैन भी शुरू की हैं, जिनके माध्यम से दूरस्थ गांवों तक सीधे स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। वित्त वर्ष 2026 में 25,000 से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य जांच और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जरिए बालको ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने और समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

# आदिवासियों की जमीन कब्जाने की कोशिशों के खिलाफ किसान सभा ने किया जबरदस्त प्रदर्शन




**कोरबा/भैसमा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में भैसमा तहसील अंतर्गत ग्राम पतरापाली के आदिवासी किसानों के जमीन को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बेनामी खरीद के जरिए कब्जा करने की कोशिश के खिलाफ गांव के लोगों ने 08 मई को यहां तानसेन चौक से रैली निकालकर जिलाधीश कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा ने किया। डिप्टी कलेक्टर टी आर भारद्वाज ने किसानों की समस्या को सुना और ज्ञापन लेते हुए जांच करने हेतु गांव में शिविर लगाने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पतरापाली एक आदिवासी बाहुल्य गांव हैं और लगभग सभी आदिवासी या तो निरक्षर हैं या बहुत कम पढ़ें लिखे हैं। उन्हें भूमि कानूनों के संबंध में उनकी जानकारी बहुत कम है, जिसका फायदा, उनकी जमीन को हड़पने के लिए प्रभावशाली तबके के कई लोग सक्रिय हैं।

किसान सभा के इस प्रदर्शन में शामिल घसिया राम पिता दौलतराम, पुनिराम पिता करन सिंह, राजेश पिता गेदाराम, तिजराम पिता घसीराम, भूखनराम पिता लोहरी, मिलक राम पिता उजित राम, धनीराम पिता भालेराम, जीवन सिंह पिता घसिया राम, चमरा सिंह पिता नेतराम, महेत्तर पिता तिजराम आदि ने बताया कि वे पतरापाली गांव के निवासी हैं। खेती-किसानी ही इनकी आजीविका का साधन है और अपने पूर्वजों से प्राप्त जमीन पर वे खेती कर रहे हैं। वे अपनी जमीन पर आज दिनांक तक काबिज हैं, लेकिन पिछले एक माह से शहरों के कुछ लोग उनके गांवों में आकर उनकी कृषि भूमि को अपना बता रहे हैं। वे इस जमीन के पंजीयन के कुछ कागजात भी दिखा रहे हैं और उन पर अपनी जमीन छोड़ने का दबाव बना रहे है या फिर उन्हें बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं। वे इन लोगों को पहचानते तक नहीं है।

इन ग्रामीणों ने बताया कि ये बाहरी लोग वर्ष 1990 में ही उनके पूर्वजों से उनकी जमीन खरीदने का दावा कर रहे हैं। मामला तब गंभीर हो गया, जब ऐसे ही एक मामले में एक गैर-आदिवासी ने सगे भाईयों मंगल सिंह और भूखन लाल पिता लोहरी को उसकी जमीन से बेदखल करके और उस जमीन पर घेरा डालकर कब्जा कर लिया। इसके बाद सभी आदिवासी अपनी जमीन से जबरन बेदखली की आशंका से डरे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के संयुक्त सचिव प्रशांत झा, जिला सचिव दीपक साहू, सीटू के राज्य महासचिव एस एन बनर्जी ने बताया कि ऐसा ही एक प्रकरण वर्ष 1999 में सामने आया था, जिसमें न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोरबा ने यह पाया था कि गैर कानूनी तरीके से आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी को अंतरित किया गया था। न्यायालय ने प्रकरण क्रमांक 8/अ-23/99-2000 के जरिए पीड़ित आदिवासी के पक्ष में फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा कि सभी आदिवासियों के प्रकरण लगभग ऐसे ही हैं, जिनमें उनकी भूमि का 40-50 साल पहले विक्रय होना बताया जा रहा है, जबकि भूमि पर मूल भूस्वामी अभी तक काबिज है। ये सभी भूमि अंतरण बेनामी है और अवैध है, क्योंकि आदिवासी भूमि का किसी भी गैर-आदिवासी को अंतरण नहीं हो सकता।

प्रशासन ने शिकायतों की जांच करने के लिए गांव में शिविर लगाकर भूमि स्वामित्व का निराकरण करने का आश्वाशन दिया है। किसान सभा और सीटू ने आदिवासी किसानों के पक्ष में सकारात्मक कार्यवाही न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने आशंका जताई है कि केवल पतरापाली ही नहीं, आसपास के अन्य गांवों में भी आदिवासियों की जमीन हड़पने के लिए ऐसे बेनामी फर्जी सौदे हुए होंगे, इसलिए इस क्षेत्र के गांवों में शिविर लगाकर वास्तविक भूमि स्वामित्व का सत्यापन किए जाने की जरूरत है।

# ज्वॉइनिंग से पहले बदली कोरिया कलेक्टर की पोस्टिंग:48 घंटे पहले पुष्पा साहू को मिली थी जिम्मेदारी, अब आईएएस रोक्तिमा यादव संभालेंगी जिला

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ सरकार ने आईएएस तबादला सूची जारी होने के महज 48 घंटे बाद ही कोरिया कलेक्टर की पोस्टिंग बदल दी है। 6 मई को जारी ट्रांसफर आदेश में 2012 बैच की आईएएस पुष्पा साहू को कोरिया जिले का नया कलेक्टर बनाया गया था, लेकिन ज्वॉइनिंग से पहले ही उनको हटा दिया गया है।

अब नए आदेश के मुताबिक, पुष्पा साहू को फिर से सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं उनकी जगह 2016 बैच की आईएएस रोक्तिमा यादव को कोरिया जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।



पुष्पा साहू | रोक्तिमा यादव

बुधवार को जारी आदेश में रोक्तिमा यादव को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का प्रभार सौंपा गया था। लेकिन उनके कलेक्टर बनने के बाद 2019 बैच की आईएएस रीता यादव को ये जिम्मेदारी दी गई है।

**कौन हैं पुष्पा साहू**

आईएएस अधिकारी पुष्पा साहू मूलतः छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के जरिए डिप्टी कलेक्टर के रूप में की थी। राज्य पुनर्गठन के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ कैडर को चुना और अलग-अलग जिलों और विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं।

पुष्पा साहू राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रमोट होकर साल 2017 में आईएएस अवार्ड हुआ और उन्हें 2012 बैच एलॉट किया गया। अपने प्रशासनिक सफर में उन्होंने संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा, संयुक्त संचालक खनिज, संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, संयुक्त सचिव वन विभाग और संयुक्त सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग जैसे अहम पदों पर काम किया।

**06 मई को 7 जिलों के कलेक्टर बदले गए थे**

बता दें कि बुधवार को छत्तीसगढ़ सरकार ने 43 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की थी। कई अहम विभागों के प्रमुख बदले गए और 7 जिलों में नए कलेक्टरों की तैनाती की गई थी।

जारी आदेश के अनुसार, अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रभार दिया गया, जबकि मनोज कुमार पिंगुआ को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

निहारिका बारिक को गृह एवं जेल विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया। शहला निगार को महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

# छत्तीसगढ़ की 35 युवतियां झारखंड में बंधक

**कांकेर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ की 35 लड़कियों को झारखंड में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। इसमें 15 लड़कियां कांकेर जिले की है। बताया जा रहा ये सभी नर्सिंग का काम करने गढ़वा गई थीं। वहां पर ट्रेनिंग कर रही थी। 1 लड़की ने शिकायत की है कि पैसे नहीं होने पर उसे बंधक बना लिया गया है।

दुर्गूकोंदल क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की ने अपने गांव के एक युवक को मदद के लिए वीडियो बनाकर भेजा है। जिसमें धमतरी जिले के कुरूद की लड़की रोते हुए कहती दिखी कि उसे यहां अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन घर जाने के लिए पैसे भी नहीं है।

वीडियो में एक महिला कहती है कि ये लड़की पैसा नहीं दी है, इसे नहीं जाने देंगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कांकेर कलेक्टर ने संज्ञान में लिया और उन्हें वापस लाने की बात कही है।

**लड़कियां नर्सिंग का काम करने गई थीं**

कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने बताया कि झारखंड के गढ़वा जिले में कांकेर और अन्य जगह से कुछ लड़कियां नर्सिंग का काम करने गई थीं। वहां पर ट्रेनिंग की सुचना मिली थी। गढ़वा से कल कुछ फोन कॉल मिला जिसमे लड़कियों के बंधक बनाए जाने की शिकायत है।

**कुछ लड़कियां अपनी इच्छा से काम के लिए गई**

कलेक्टर ने बताया कि कुछ युवतियां बालिग है और वो अपनी इच्छा से काम करने गई है। एक लड़की ने बंधक बनाने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन गढ़वा जिले के कलेक्टर और एसपी के संपर्क में है।

जांच जारी है और सभी लड़कियां कांकेर जिले की नहीं है। जल्द ही मामला क्लीयर हो जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि लड़कियां वहां कैसे पहुंची है इस बात की जांच जारी है। जैसे ही स्थिति क्लियर होती है टीम वहां जाकर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें वापस लाएगी।

**गढ़वा पुलिस ने भी स्पेशल टीम बनाई**

जानकारी के मुताबिक, झारखंड की गढ़वा पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लिया और स्पेशल टीम बनाई है, जिसने युवतियों की तलाश और जांच अभियान शुरू कर दिया है। इन युवतियों से जबरन काम कराए जाने की बात भी कही जा रही है, जो जांच के बाद क्लीयर होगा।

**सामाजिक कार्यकर्तृता भी सामने आए**

सामाजिक कार्यकर्ता ललित नरेटी ने वायरल वीडियो पर रेस्क्यू कर लड़कियों को वापस लाने की बात कही है। इस संबंध में जिला प्रशासन की मदद से झारखंड के गढ़वा जिले के प्रशासन और पुलिस से संपर्क किया गया है।

# महासमुंद में 2 दिन में डेढ़ करोड़ का गांजा पकड़ाया, 7 अरेस्ट

**महासमुंद, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में शुक्रवार को पुलिस ने एम्बुलेंस से 77 किलो गांजा जब्त किया है। इसके साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पायलेटिंग कार और 5 मोबाइल भी जब्त किया है। जब्त माल की कुल कीमत 50.45 लाख आंकी गई है।

वहीं एक दिन पहले ही पुलिस ने पिकअप से 1.14 करोड़ का गांजा बरामद किया था। इस मामले में 2 आरोपी अरेस्ट किए गए थे। इस तरह 2 दिनों में पुलिस ने डेढ़ करोड़ से ज्यादा का गांजा पकड़ा है। बता दें कि 4 महीने पहले भी पुलिस ने एम्बुलेंस से 5 क्विंटल 20 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 2 करोड़ 60 लाख रुपए बताई गई थी। इन तीनों ही मामलों में तस्कर ओडिशा से गांजा लेकर महासमुंद के रास्ते महाराष्ट्र ले जा रहे थे।

# बोर्ड कॉपी जांच में लापरवाही, 79 शिक्षक ब्लैकलिस्ट

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका जांच में गंभीर लापरवाही बरतने वाले 79 शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई की है। मूल्यांकन में 20 से लेकर 50 अंकों तक की भारी गड़बड़ी पाए जाने पर इन शिक्षकों को 3 से 6 साल तक बोर्ड के सभी कामों से हटा दिया गया है और उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

इसके साथ ही सभी संबंधित शिक्षकों की एक साल की वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा भी की गई है।

माशिमं की परीक्षा समिति की जांच में सामने आया कि प्रदेश के 36 मूल्यांकन केंद्रों में कॉपियां जांचने के दौरान बड़ी लापरवाही हुई। कार्रवाई की जद में आए शिक्षकों में 10वीं के 49 और 12वीं के 30 शिक्षक शामिल हैं।

**इन विषयों में मिली सबसे ज्यादा गड़बड़ी**

10वीं कक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत विषयों की कॉपियों में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। वहीं 12वीं में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, रसायन, जीवविज्ञान, गणित, लेखाशास्त्र और अर्थशास्त्र विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं पर कार्रवाई की गई है।

**कलेक्टर और डीईओ को भेजा गया आदेश**

माशिमं ने कार्रवाई संबंधी आदेश की कॉपी स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और कलेक्टरों को भेज दी है, ताकि संबंधित शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सके।

# नेपाल में आयोजित एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुज अग्रवाल दिखाएंगे दम

## सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने बॉक्सर का बढ़ाया हौसला

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

थाई बॉक्सिंग ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित एशियन थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो दिनांक 08 मई से 11 मई तक नेपाल ( पोखरा ) में आयोजित होगी। जिसमें चार देशों की टीम श्रीलंका,भारत, फिलीपीन और नेपाल देश भाग ले रही है। जिसमें थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ से कुल 05 बॉक्सर्स और 02 ऑफिसियल में अंतरराष्ट्रीय रेफरी राजेश कुमार भी टीम के साथ रवाना हुए । जिसमें कोरबा जिले से ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी से अनुज अग्रवाल का चयन एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है । जो यूथ सीनियर - 57 किलो ग्राम वजन वर्ग में हुआ है । साथ ही उनके कोच अजीत कुमार शर्मा ने बताया इससे पहले अनुज अग्रवाल ने 03 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए 02 स्वर्ण और 01 रजत पदक प्राप्त किया है।




उसी के आधार पर इसका चयन एशियन थाई बॉक्सिंग के लिए हुआ। प्रतियोगिता में जाने से पहले अनुज अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से आशीर्वाद लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉक्सिंग उपाध्यक्ष एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पाटले, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला महांत्री नरेंद्र देवांगन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी दीनू पटेल सहायक क्रीड़ा अधिकारी रामकृपाल साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी जी वी गवेल , पूर्व सहायक क्रीड़ा अधिकारी के आर टंडन, छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दीपक प्रसाद, उपाध्यक्ष रविंद्र साहू, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के संचालक एवं टेक्निकल डायरेक्टर अजीत शर्मा, रेफरी कमेटी हेड महेश देवांगन,लल्लू यादव सर, विवेकानंद गोपाल, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, मोहम्मद आरिफ, शुभम दास,पूजा मिश्रा, आलोक शर्मा, प्रीति चौहान, आश्रिता चौहान, हर्ष यादव, शेन एलेक्स, मनीष पांडे, आदि सभी ने बॉक्सर्स अनुज अग्रवाल को खेल में अच्छा प्रदर्शन एवं स्वर्ण पदक जीतकर आने की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# महामाया पहाड़ से अतिक्रमण हटाने चला बुलडोजर



## पुलिस फोर्स तैनात:डबरीपानी में मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू,157 लोगों का हटाया जाएगा कब्जा



**सरगुजा, एजेंसी।**

अंबिकापुर के महामाया पहाड़ रिजर्व फॉरेस्ट की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई फिर शुरू हो गई है। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम बुलडोजर के साथ महामाया पहाड़ के डबरीपानी क्षेत्र पहुंची, जहां मकानों को ढहाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हालांकि कुछ अतिक्रमणकारियों ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है, इसलिए उन्हें कार्रवाई से अलग रखा गया है।

रिजर्व फॉरेस्ट के रूप में चिन्हित महामाया पहाड़ के कक्ष क्रमांक 2581 और 2582 में वन विभाग ने 157 लोगों को मार्च 2026 में अवैध कब्जा हटाने का अंतिम नोटिस जारी किया था। नोटिस की अवधि 27 मार्च को समाप्त हो गई थी। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिकायत की थी। इसके बाद शुक्रवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

**रात को चस्पा किया नोटिस, सुबह पहुंचा बुलडोजर**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई डबरीपानी से शुरू की गई है। यहां के 54 लोगों को अंतिम बेदखली का नोटिस जारी किया गया था। कुछ अतिक्रमणकारियों ने अंतिम बेदखली का नोटिस जारी होने के बाद हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है।

गुरुवार रात वन विभाग के कर्मचारी डबरीपानी पहुंचे और घरों को खाली करने का नोटिस चस्पा किया। शुक्रवार सुबह फारेस्ट एसडीओ श्वेता कम्बोज के नेतृत्व में वन विभाग और पुलिस जवानों का अमला बुलडोजर लेकर डबरीपानी पहुंचा और कार्रवाई शुरू की गई।

आलोक दुबे ने कहा कि यहां दूसरे राज्यों से आए समुदाय विशेष के लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

**सभी चिन्हित अतिक्रमण हटाए जाएंगे-एसडीओ**

एसडीओ फारेस्ट श्वेता कम्बोज ने कहा कि 157 लोगों को अंतिम बेदखली नोटिस जारी हुआ है। इनमें महामाया पहाड़, नवागढ़, डबरीपानी के अतिक्रमणकारी शामिल हैं। डबरीपानी में 54 अतिक्रमणकारियों में जिन लोगों को हाईकोर्ट से स्टे मिला है, उनका अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। शेष लोगों को चिन्हित कर उनका कब्जा तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।



साक्षात्कार

# MJF लायन आशीष अग्रवाल

## पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित एक व्यक्तित्व

GLT Coordinator (ALLI, RLLI, DLLI, CLLI - Certified)
द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डि. 3233सी



### 09 एवं 10 मई को डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस : द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए लायन आशीष अग्रवाल का लायनोचित अभिवादन

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी 9वीं डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस 09 एवं 10 मई 2026 को ऊर्जाधानी कोरबा के जश्न रिसोर्ट के सभागार में आयोजित होने जा रही है। दुश्मन को भी अपने आकर्षक व्यक्तित्व से अपना बना लेने वाले एमजेएफ लॉयन आशीष अग्रवाल सभी लॉयन दिग्गजों की उपस्थिति में वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय के प्रत्याशी के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी लायंस का लायनोचित अभिवादन करते हुए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा - मैं लॉयन दिग्गजों के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट 3233सी को टीम भावना के साथ नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दूंगा। आशीर्वाद एवं स्नेह की अपेक्षा-

# सेवा कार्य, जो मेरे लायनवाद को पुष्ट बनाते हैं कि मैं एक लायन हूं

बिलासपुर/कोरबा (दिव्य आकाश)।

जीवन उसी का सार्थक है, जो पीड़ित मानवता के प्रति अपनी संवेदनाएं उड़ेल दे। जीवन में कई चुनौतियां और उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन सम रहकर लोगों के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा नहीं छोड़ते... एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम है लायन आशीष अग्रवाल। लायंस क्लब बिलासपुर सेवा के बैनर तले लायन आशीष अग्रवाल की संवेदनाएं बिलासपुर क्षेत्र सहित द इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233सी ने देखी है, कि किस तरह लायन आशीष अग्रवाल ने टीम भावना के साथ लायनवाद को जिया है और रचनात्मक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा कार्यों को धरती पर उतारा है।

लायन आशीष अग्रवाल कहा करते हैं कि प्रकृति ने हमें मानव बनाकर सबसे बड़ा उपहार दिया है और हम प्रकृति के ऐसे ऋणि हैं, जिसके परोपकार को हम आजीवन न भूल सकते हैं और न ही उऋण हो सकते हैं, इसलिए हम अपनी क्षमता को परिवार के साथ पीड़ित मानवता के लिए समर्पित करने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए, ताकि सबकुछ समाज का दिया हुआ हम कुछ वापस समाज को लौटा सकें।

हम इस डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में पधारे समस्त लायन दिग्गजों, अतिथियों, समस्त पक्ष एवं विपक्ष में खड़े लायन साथियों, लायन दिग्गजों का लायनोचित अभिवादन करते हुए सभी का नमन भी करते हैं। हमसे जो अनुज (उम्र में) हैं, वे भी हमारे मार्गदर्शक हैं और उनके व्यवहार तथा सामाजिक चरित्र से हमें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है और लायनिज्म को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है और पीड़ित मानवता की सेवा के लिए प्रेरणा।



रेल्वे स्टेशन बिलासपुर में वाटर कूलर का स्थापित ताकि यात्रियों की प्यास बुझे।

लायन आशीष अग्रवाल अपने आपको एक व्यक्ति बताते हैं, लेकिन उनके सेवा कार्यों ने उन्हें एक व्यक्तित्व बना दिया। लायंस क्लब आफ बिलासपुर सेवा के बैनरतले लायन आशीष अग्रवाल ने लायनवाद के सिद्धांतों को आत्मसात किया और लायनवाद के विस्तार को नई ऊंचाईयां दी। लायन आशीष अग्रवाल ने लायंस क्लब में पहले लीडरशीप के गुर सीखे और अब लीडरशीप डेव्हलपमेंट के लिए नए लायन सदस्यों को लीडरशीप डेव्हलपमेंट के गुर सीखा रहे हैं।

उन्होंने हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अपनी सहभागिता निभाई और समाज के अंतिम व्यक्ति तक लायनवाद को पहुंचाने अपनी पूरी ऊर्जा लगा दी, ताकि क्षमता से अधिक लायनवाद का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

उनके सेवा कार्यों को कोरोनाकाल में बिलासपुर ने देखा है, कि किस तरह उन्होंने संकटग्रस्त लोगों का अन्न, किट, मास्क एवं अन्य जरूरत की सामाग्री पहुंचाई, ताकि कुछ लोगों को ही सही, राहत तो मिले।

बिलासपुर रेल्वे स्टेशन में वाटरकूलर की स्थापना हो, या अंधत्व विद्यालय में बच्चों के लिए कुछ उपहार भेंट करने की बात हो। ठंड में गरीबों को कंबल बांट कर ठंड से राहत दिलाने की बात हो या फिर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वस्थ बिलासपुर... स्वस्थ छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में सहभागिता निभाने की। सामाजिक दायित्वों को निभाने में आशीष अग्रवाल कभी पीछे नहीं रहे और उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को टीम भावना के साथ बखूबी निभाई। उनके लिए लायनिज्म ही सर्वोपरी है और लायनिज्म से ही उनकी दिनचर्या प्रारंभ होती है। उनका कहना है कि छोटे शुभ काम से ही लायनिज्म को नई ऊंचाईयां दी जा सकती हैं।







### लीडरशिप एवं ट्रेनिंग में सक्रिय भूमिका

रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, राजनंदगांव, कटनी, रीवा, सतना सहित डिस्ट्रिक्ट के 70+ लायंस क्लबों में फैकल्टी के रूप में लायंस पोर्टल प्रशिक्षण, लीडरशिप डेवलपमेंट डिजिटल एवं आईटी सशक्तिकरण




### अन्य सामाजिक सहभागिता

- पूर्व उपाध्यक्ष - अग्रवाल नवयुवक समिति
- पूर्व सचिव - अग्रवाल नवयुवक समिति
- पूर्व सहसचिव - अग्रसेन शिक्षा समिति
- सक्रिय सदस्य - मारवाड़ी युवा मंच
- सदस्य - छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज
- संबद्धता - रूफ इंडिया एसोसिएशन

### हमारा संकल्प

मजबूत नेतृत्व
सक्रिय सदस्यता विस्तार
तकनीकी सशक्तिकरण
प्रशिक्षण आधारित विकास
संगठित, समन्वित एवं उत्कृष्ट डिस्ट्रिक्ट निर्माण
आइए, एक सक्षम, ऊर्जावान और परिणामदायी नेतृत्व के साथ डिस्ट्रिक्ट 3233-ष्ट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।
आपका समर्थन - संगठन की शक्ति

### विशिष्ट सम्मान एवं उपलब्धियाँ-

- लायंस इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लीडरशिप मेडल से दो बार सम्मानित
- 2 स्टार सर्टिफाइड गाइडिंग लायन मेडल
- रीजन चेयरपर्सन एक्सीलेंस अवॉर्ड
- 10 नए लायंस क्लब स्थापित - क्लब एक्सटेंशन अवॉर्ड से सम्मानित
- 4 नए लायंस क्लब के गाइडिंग लायन
- 64 नए लायन सदस्य स्पॉन्सर
- साथ ही लायंस अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा अनेकों बार प्रमाण पत्र एवं एप्रिसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित।
- लायंस गौरव सम्मान।



### लायनवाद एक प्रेरणा : लायन आशीष अग्रवाल एक सेवक

लायन आशीष अग्रवाल का कहना है कि लायनवाद सामाजिक सरोकार का एक विशाल वटवृक्ष है और हम वटवृक्ष का एक छोटी सी टहनी। द इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लायंस क्लब्स एक वृहद और संभवतः दुनिया की सबसे बड़ी निजी सामाजिक सेवा संस्थान है और हम इसकी छोटी सी इकाई। इस संस्थान से जुड़ने का जो गौरव हम महसूस करते हैं, उसकी परिणीति एक सफल सामाजिक व्यक्तित्व बनने में है और हम व्यक्ति से व्यक्तित्व बनने के प्रयास में लगे रहते हैं। जो व्यक्तित्व बन जाए, उसी का जीवन सार्थक कहा जा सकता है। मैं व्यक्ति के रूप में सभी के सामने उपस्थित हुआ हूं और आपके आशीर्वाद से ही कहीं व्यक्तित्व बन सका, तो सभी का हृदय से आभारी रहूंगा और विश्वास दिलाता हूं कि टीम भावना को सर्वोपरी रखूंगा, पक्ष-विपक्ष का भेद नहीं रहेगा, रहेगा सिर्फ लायनवाद, मानवतावाद। न राग रहेगा, न द्वेष... सिर्फ रहेगा लायनवाद और मेरे प्रेरणा रहेंगे, सभी लायनवाद के दिग्गज, लायन साथी और मानवता के पुजारी। मेरे लिए लायनवाद मेरी प्रेरणा है और मैं लायनवाद का सेवक।

### एक नजर : पारिवारिक पृष्ठभूमि पर

एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल बिलासपुर/बाराद्वार के प्रतिष्ठित एवं कुलीन जिंदल परिवार में जन्म लिए और अब वे इस परिवार के उत्तराधिकारी हैं। पिता संतोष अग्रवाल भी हमेशा से सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और उनकी ख्याति बिलासपुर/बाराद्वार क्षेत्र में है। माँ श्रीमती सावित्रीदेवी अग्रवाल धर्मपरायण एवं संस्कारों की प्रतिमूर्ति हैं और मानवीय संवेदनाओं के प्रतीक। पिता की डांट के साथ उनका साया हमेशा अच्छा करने की प्रेरणा देते रहे और माँ के संस्कारों ने नैतिकता का मार्ग दिखाया। लायन आशीष अग्रवाल के लिए माता-पिता आदर्श हैं, जिनकी प्रेरणा से ही मुझे लायनवादी बनने का अवसर प्राप्त हुआ।

जीवन संगिनी लायन श्रीमती दुर्गा अग्रवाल भी एक सक्रिय लायन साथी के रूप में उनके हर सेवा कार्यों में अपना हाथ बढ़ाती हैं, जिससे समाज को चार हाथों का लाभ मिल सके। राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण की सीख देते लायन आशीष अग्रवाल-लायन दुर्गा अग्रवाल अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला रहे हैं। लायन आशीष अग्रवाल का कहना है कि आज शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है, जिससे व्यक्ति का जीवन सरल, सुलभ और वैभवशाली बन सकता है।

### आशीष अग्रवाल : उच्चाशिक्षित होने के साथ संगठन के कुशल प्रबंधक एवं सक्षम नेतृत्व

एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के थे और प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थी के रूप में पहचाने जाते रहे। अपनी शिक्षा के दौरान मेरिट लिस्ट होल्डर होने के कारण विद्यार्थी जीवन में भी एमजेएफ लायन आशीष अग्रवाल की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ में फैली रही और अपने निरंतर प्रयासों से उन्होंने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। उच्चशिक्षा के तहत उन्होंने एमबीए और एम काम तक पढ़ाई की। उच्च शिक्षित व्यक्ति का यही प्रमाण है कि आशीष अग्रवाल भी विनम्र और विनयशील हैं।

आशीष अग्रवाल की विनम्रता के पीछे एक कुशल प्रबंधन क्षमता और नेतृत्व कौशल की छाप स्पष्ट झलकती है।

### एक नजर व्यवसाय पर

लायन आशीष अग्रवाल कहा करते हैं कि पुरूषार्थ से कमाया धन हमेशा फलित होता है और आय का कुछ अंश समाज को समर्पित करने से धन का सदुपयोग। लायन आशीष अग्रवाल पारिवारिक अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विरासत में मिले व्यवसाय के साथ खुद का स्टार्टअप प्रारंभ किया और वे मेसर्स बालाजी इंटरप्राईजेज, मेसर्स जिंदल कंस्ट्रक्शन, मेसर्स दुर्गा पॉलिमर, मेसर्स आशीष अग्रवाल एवं मेसर्स बालाजी ब्रोकर्स जैसी संस्थानों का संचालन करते हैं। परिवार सुदृढ़ और सक्षम होगा, तो समाज को भी लाभ होगा, इस लक्ष्य को लेकर लायन आशीष अग्रवाल सामाजिक सरोकार को अमलीजामा पहनाने में लगे हुए हैं।

### लायंस संगठन में दायित्व

2025-26 - ग्लोबल लीडरशिप टीम कोऑर्डिनेटर
2024-25 - क्लब डायरेक्टर
2023-24 - डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी
2022-23 - क्लब डायरेक्टर
2021-22 - डिस्ट्रिक्ट आई.टी. चेयरपर्सन
2020-21 - रीजन चेयरपर्सन
2019-20 - डिस्ट्रिक्ट आई.टी. चेयरपर्सन
2018-19 - जोन चेयरपर्सन
2017-18 - अध्यक्ष, लायंस क्लब बिलासपुर सेवा
2016-17 - सचिव, लायंस क्लब बिलासपुर सेवा

**मेरे प्रयास से यदि किसी एक का जीवन खुशहाल और समृद्ध बनता है, तो मैं समझूंगा कि मेरा जीवन सार्थक हुआ- एमजेएफ लॉयन आशीष अग्रवाल**

पता : MJF लायन आशीष अग्रवाल, 16/269, प्रदीप कोचिंग स्ट्रीट, दीपुपारा रोड, विद्या नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001, 9827473074 ashishagrawal11@gmail.com

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com